# पैदल चलकर किसान के खेत में पहुचे कलेक्टर

## किसानो की समस्याओं से अगवत होकर राजस्व महाअभियान की कलेक्टर ने दी जानकारी

**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा माड़ा तहसील भ्रमण के दौरान कोयलखूथ किसान श्यामलाल शाह के खेत में पैदल चलकर पहुचे। कलेक्टर ने किसान श्यामलाल चर्चा कर खाद बीज की उपलंब्धता के साथ साथ संबंधित किसान के खेती बाड़ी में आने वाली समस्याओं सहित राजस्व से संबंधित समस्याओं से अवगत हुये। किसान की समस्या से अवगत होने के पश्चात कलेक्टर द्वारा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि संबंधित किसान के समस्याओं का त्वारित निराकरण किया जाये। कलेक्टर को खेत पर पाकर अगल बगल किसानो द्वारा कलेक्टर के पास पहुचकर



अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया जिस पर कलेक्टर ने किसानो के समस्याओं का त्वारित निराकरण कराने के साथ ही कलेक्टर ने किसानों को राजस्व महाअभियान के संबंध में अवगत कराया गया। तथा कहा कि आप सब अपने साथ ही अपने ग्राम में निवासरत किसानो को अवगत कराये कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानो के राजस्व प्रकरणो के निराकरण हेतु राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा जिसमें अविवादित वटनवरा, नामातरण, सीमांकन सहित पीएम किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ दिया जायेगा। साथ ही अभियान के दौरान अभिलेखो में जो त्रृटियां है उनका भी निराकरण कराया जायेगा। आप सब अभियान में शामिल होकर अपने राजस्व संबंधी प्रकरणों का निराकरण कराये। पहली बार किसान कलेक्टर को अपने खेत में पाकर काफी खुश हुये।इस दौरान एसडीएम माड़ा राजेश शुक्ला, तहसीलदार अजय राज सिंह कछवाह, नायब तहसीलदार छत्रपाल सिंह, सुनील दत्त मिश्रा सहित राजस्व अमला उपस्थित रहा।

## आपका थाना आपके गांव विशेष अभियान के तहत जमीन संबंधी समस्याओ का किया जा रहा समाधान

**सिंगरौली।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन डॉ एमएस सिकरवार के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में समस्त राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), समस्त थाना चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया है की थाना क्षेत्री में जमीन संबंधी समस्याओं का समाधान क्षेत्र के तहसीलदार, पटवारी की सहायता से समाधान किया जाये।पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता, ?द्वारा वर्तमान समय में जिले में जमीन संबंधी शिकायतें अत्यधिक प्राप्त हो रही है जिससे आपसी विवाद में लड़ाई एवं झगडे तथा कोई बड़ी जन-हानि न हो जाये जिनको ध्यान में रखते हुये पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष अभियान चलाया जा कर जमीन संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 18-07-2024 को जमीन संबंधी समस्याओ का किया गया समाधान चौकी बगदरा, थाना गढ़वा, द्वारा ग्राम फुठहड़वा में आरआई ,पटवारी , थाना गढ़वा, थाना चितरंगी, चौकी बगदरा, पुलिस स्टाफ एंव सरपंच, कि उपस्थिति में जमीन संबंधी समस्या सुनी गई।

# राजस्व अभियान में किसानो के प्रकरणों का शत प्रतिशत करे निराकरण

## राजस्व महाअभियान में बी-1 का वाचन करने का दिये निर्देश

**सिंगरौली।** राजस्व महाअभियान में शत प्रतिशत किसानो के प्रकरणो का किया जाये निराकरण तथा बी-1 वाचन में सभी पटवारी अपने अपने हल्का में किया जाना सुनिश्चत करे। उक्त आशय का निर्देश माड़ा तहसील में पटवारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया। विदित हो कि राजस्व महाअभियान 18 जुलाई से 30 अगस्त तक चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान किसानों को शत प्रतिशत लाभ देने के उद्देश्य से कलेक्टर के द्वारा माड़ा तहसील अंतर्गत के पटवारियों की बैठक आयोजित कर निर्देश दिये कि राजस्व महा अभियान में किसानों के वटनवारा, नामातरण, खसरे का सुधार सहित अभियान में अंकित सभी विंदुओं का निराकरण किया जाना है। कोई भी किसान लाभ से




वंचित न रहे। सभी पटवारी अनिवार्य रूप से अपने हल्कें में रहेगे। साथ ही कोई भी कठिनाई आने पर अपने राजस्व निरीक्षक,तहसीलदार एवं उपखण्ड अधिकारी से सम्पर्क कर कठिनाईयों का समाधान करेगे। कलेक्टर ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले पटवारियों को सम्मानित किया जायेगा। तथा जिनके द्वारा अभियान के दौरान लापरवाही की जायेगी उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। बैठक के दौरान एसडीएम माड़ा राजेश शुक्ला, तहसीलदार अजयराज सिंह कछवाह, छत्रपाल सिंह मरावी, नायब तहसीलदार सुनील दंत्त मिश्रा सहित राजस्व निरीक्षक, पटवारी उपस्थित रहे।

## पूर्व जिला परियोजना प्रबंधक के व्यापक अनियमितता की 11 महीने बाद भी नही हो पाई जांच

**सिंगरौली**

स्व सहायता समूह और मिशन के स्टॉप ने भले ही ग्रामीण आजीविका मिशन में पूर्व में पदस्थ रहे धानेन्द्र मिश्रा के द्वारा व्यापक भ्रष्टाचार एवं अनियमितता की शिकायत की 11 महीने पहले की गई लेकिन जिम्मेदारों ने उसे शिकायत पर कुंडली मार लिए हैं। यह शिकायत हुए एक साल बीतने को है लेकिन अभी भी फाइल जिम्मेदारों के हाथ धूल फाक रही है।

बता दे की ग्रामीण आजीविका मिशन में पूर्व में पदस्थ धानेन्द्र मिश्रा ने गणेश वितरण और हर घर तिरंगा अभियान में करोड़ों रुपए का हेर फेर किया था। शिकायत है कि धानेन्द्र मिश्रा द्वारा गणवेश वितरण में नियमो को ताक में रखते हुये व्यापक अनियमितता किये एवं अपने और अपने परिवार जनों के नाम पर चल और अचल संपत्ति बनाई जाने किसी का है की गई थी। लेकिन शिकायत की जांच अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। शिकायत की जांच पूरी क्यों नहीं हो पाई यह प्रशासनिक महक में पर भी कई सवाल खड़े कर रहा है। हालांकि समूह की महिलाएं इस आशा में आज भी है कि पूर्व जिला परियोजना प्रबंधक पर कार्यवाही होगी और हमे न्याय मिलेगा।

## एमडीएम न बनने की गलत रिर्पोटिंग में जिपं सीईओ की कार्यवाही

# देवसर ब्लॉक के 13 लापरवाह शिक्षको का तीन दिवस का रोका गया वेतन

**सिंगरौली।** शिक्षको द्वारा एसएमएस के माध्यम से पोर्टल पर एमडीएम न बनने की गलत रिर्पोटिंग पर कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिंगरौली के द्वारा लापरवाह संस्था प्रमुखों पर कार्यवाही करते हुए नो वर्क नो पे सिद्धांत पर तीन दिवस का वेतन रोक दिया है।

बताते चले कि अपर मुख्य सचिव मप्र शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांक 552 दिनांक 18/06/24 के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण के सुचारू क्रियान्वयन,पर्यवेक्षण की दृष्टि से भारत सरकार द्वारा विकसित आईवीआरएस/एएमएस प्रणाली के माध्यम से प्रति कार्य दिवस प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण एमडीएम वितरण की जानकारी एसएमएस के माध्यम से किए जाने के निर्देश है। सिंगरौली अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्राधानाध्यापको द्वारा एसएमएस के माध्यम से पोर्टल में दोषपूर्ण तरीके से प्रधानमंत्री एमडीएम न बनने की रिर्पोटिंग की गई जबकि प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में प्रधानमंत्री एमडीएम वितरण किया गया है। जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान जिला सिंगरौली के प्रतिवेदन के प्राप्त तथ्यों के आधार पर दोषपूर्ण लापरवाहीपूर्ण करने से संबंधित संस्था के प्रधानाध्यापको द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजना के क्रियान्वयन में दोषपूर्ण पाया गया है। जिसमें जिला पंचायत सीईओ के द्वारा नो वर्क नो पे के सिद्धांत पर तीन दिवस का वेतन रोकते हुए कार्यवाही की गई है।

इन पर हुई कार्यवाही एमडीएम न बनने की गलत रिर्पोटिंग में देवसर ब्लॉक के हीरालाल यादव पीएस बुधाडाड़,राजेश रंजन अहिरवार यूईजीएस कीटनिहवा बुधाडाड़, शंखलाल साकेत यूईजीएस गौरवा,उदयभान बंसल एमएस झखरावल,संजय वर्मा पीएस जोगिनी,शंकरलाल यादव एमएस जोगिनी,छोटई प्रसाद प्रजापति एचआरएस ब्याय देवसर,मिठाईलाल वर्मा एमएस केन्द्र सहुआर,रामनिवास मिश्रा पीएस गर्ल्स सहुआर, रामनिवास मिश्रा एमएस गर्ल्स सहुआर,जर्नादन प्रसाद मिश्रा यूईजीएस दंडवा,प्रसिद्ध नारायण द्विवेदी यूईजीएस जमुआर,केशरी प्रसाद मिश्रा एमएस सरहा के ऊपर कार्यवाही की गई।

# फांसी लगाने से किशोरी समेत युवक की मौत

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत साजापानी गांव में बुधवार की रात्रि एक किशोरी ने अज्ञात कारणो से घर के पास स्थित जामून के पेड़ में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। इधर लंघाडोल थाना क्षेत्र के ग्राम सुलियरी में एक युवक ने अपने घर में अज्ञात कारणो से फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। इधर पुलिस ने किशोरी व युवक के शव को कब्जे में लेते हुए पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय पार्वती बैगा पिता लाले बैगा निवासी साजपानी बुधवार-गुरूवार की दरमियानी रात घर के पास स्थित जामुन के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब सुबह परिजनों ने किशोरी का शव पेड़ पर लटकते देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा प्रक्रिया उपरांत पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इधर पुलिस जांच में जुटी हुई है। इधर लंघाडोल थाना क्षेत्र के ग्राम सुलियरी में मोहनलाल शाहू उम्र लगभग 35 वर्ष अपने घर में लगे पंखे में फांसी का फंदा बनाकर झूल गया,जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों को जानकारी होने पर इसकी सूचना लंघाडोल पुलिस को दी। सूचना उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर पंचनामा प्रक्रिया उपरांत पीएम के लिए रवाना कर दिया। इधर पुलिस जांच में जुट गई है।

# भाजपा मंडल निवास कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष रामसुमिरन गुप्ता के निर्देशन में आगामी जुलाई अगस्त माह में संगठनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। जिसको लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल निवास कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धौहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, कार्यक्रम की अध्यक्षता निवास मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश साहू,मंच



का कुशल संचालन महामंत्री शिवलोचन पांडे द्वारा किया गया। बता दें केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुनः तीसरी बार आई है, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही है। शाक्ती केन्द्र,बूथ अध्यक्ष,महामंत्री बीएल टू एवं पार्टी के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं का अथक प्रयासों से भाजपा पार्टी पुनः अपनी सरकार बनाने में सफलता हासिल किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में अथक परिश्रम और मेहनत लगन से पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को धौहनी विधायक द्वारा साल भेंट कर सम्मानित कर जीत की बधाई दी।

# लायंस क्लब विद्युत विहार ने आम जन को समर्पित किया वाटर कूलर

**सिंगरौली।** लायंस इंटरनेशनल के मंडल 321ई के एलसीआईएफ डीसीजी ग्रांट व लायंस क्लब विद्युत विहार के संयुक्त सहयोग से प्राप्त सर्व सुविधायुक्त वाटर कूलर को शिवाजी कांप्लेक्स विंध्यनगर में आम जनता के लिए समर्पित किया गया जिससे शीतल और शुद्ध पानी की व्यवस्था 24 घंटे के लिए उपलब्ध रहेगा। लायंस क्लब विद्युत विहार के द्वारा यह छठां वाटर कूलर स्थापित किया गया है। वाटर कूलर का उद्घाटन मल्टीप्ल काउंसिल सेक्रेटरी व निवर्तमान मंडलाध्यक्ष एमजेएफ लायन जे एन श्रीवास्तव, क्लब



अध्यक्ष लायन श्याम नारायण सिंह व सचिव लायन सुभाष बैस की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

इस दौरान तत्कालीन मंडल एलसीआईएफ चेयरपर्सन लायन एस डी सिंह, रीजन चेयरपर्सन लायन ऋषभ अग्रवाल, जोन चेयरपर्सन लायन अमित राज, जीएलटी एरिया कोऑर्डिनेटर लायन सत्य प्रकाश सिंह, क्लब निदेशक एमजेएफ लायन के बी मिश्रा, सर्विस चेयरपर्सन लायन नटवर दास अग्रवाल, लायन अजय अग्रवाल, लायन अरविंद दिवाकर, लायन अनुराग भरतिया, लायन सर्वेश सिंह, लायन तारकेश्वर गुप्ता, लायन मृत्युंजय सिंह, लायन डॉक्टर रवि भूषण, लायन अशोक उपाध्याय, लायन संदीप सिंह, लायन चंद्र प्रकाश अग्रवाल ,लायन गौरव अग्रवाल, लायन सौरभ अग्रवाल, लायन मनीष गर्ग तथा लायन पंकज सिंह, मीडिया मित्र के अलावा शिवाजी काम्प्लेक्स के दुकानदार साथ साथ आम जनता थी। सभी ने लायंस इंटरनेशनल व लायंस क्लब - विद्युत विहार के इस सेवा कार्य की भूरी भूरी प्रशंशा करते हुए क्लब सदस्यों को धन्यवाद दिया।

**पश्चिम मध्य रेल**

खुली निविदा (सिंगल पैकेट प्रणाली), इंजीनियरिंग निर्माण शाखा

ई. निविदा क्रमांकः डिप्टी-सी.ई.सी-1-रीवा-07-2024, दिनांकः 12/07/2024

उप-मुख्य इंजीनियर (निर्माण)। पश्चिम मध्य रेल, रीवा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य ई.-निविदा नोटिस क्रमांकः डिप्टी-सी.ई.सी. 1रीवा-07/2024, दिनांकः 12/07/2024, के द्वारा आमंत्रित करते हैं। निविदाएँ बन्द होने की तारीखः 12/08/2024 एवं समय 15:00 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगी तथा निविदाओं को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। निविदा क्रमांकः डिप्टी.सी.ई.सी-1/रीवा-07-2024 दिनांक-12/08/2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** रीवा-सीधी नई बड़ी लाइन रेल लाइन परियोजना के संबंध में रीवा में नवनिर्मित स्टाफ क्वार्टरों में शेष कार्यों का निष्पादन।, **निविदा का अनुमानित मूल्यः** रू. 28013418.64, **निविदा फार्म की(कीमत रूपये):** 0.00, **बयाना राशि(रूपयें में):** 290100.00, **कार्य समापन अवधि (माह):** 06 माह मानसून सहित, **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 12/08/2024 को 15:00 बजे बंद एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता उपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाईन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।

उप-मुख्य इंजीनियर (निर्माण), पमरे, रीवा

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

## व्हीसी के माध्यम से राजस्व महाअभियान 2.0 की कलेक्टर ने समीक्षा

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण समय सीमा पर करना तय करें : चंद्रशेखर

**सिंगरौली।** राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जो समय सीमा तय की गई है उसमें ही प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें इस आशय के निर्देश कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने राजस्व महाअभियान 2.0 की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के द्वारान दिए। हर दिन के कार्यों के समीक्षा से प्रतिदिन निर्धारित होगी सभी राजस्व अधिकारियों की रैंकिंग। कलेक्टर ने बैठक के दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग के मध्यम से कलेक्टर ने विकास खण्डवार राजस्व अधिकारियों से राजस्व महादृअभियान 2.0की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान तहसीलवार राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कांफ्रेंसिंग में मौजूद अधिकारियों निर्देश दिए कि अभियान के दौरान 3 माह से लंबित राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता देते हुए अनिवार्य रूप से निराकरण कराये। उन्होंने कहा कि राजस्व महाअभियान के दौरान अविवादित नामंतरण, वटनवारा एवं सीमांकन के प्रकरणो का शत प्रतिशत निराकरण राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करे। साथ पीएम किसान सम्मान निधि योजना तथा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के लाभार्थी किसानो का शत प्रतिशत ई केवाईसी अभियान के दौरान पूर्ण कराये। तथा योजनाओं के लाभ से छूटे किसानो का पंजीयन कर उन्हें भी योजनाओं के लाभ से लाभान्वित कराये। कलेक्टर ने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि पटवारियों से राजस्व महाअभियान के दौरान राजस्व प्रकरणो के निराकरण की रिपोर्ट प्राप्त समीक्षा करे। कलेक्टर ने कहा अभियान के दौरान सभी राजस्व अधिकारियों का मूल्यांकन कर उन्हें रैंकिंग दी जायेगी उतकृष्ट कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियो को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी कार्यविभाजन कर दिये गये दायित्वों का तेज गति से निर्वहन करे। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेंय, एसडीएम सृजन बर्मा, राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, तहसीलदार रमेश कोल तथा अन्य अधिकारी गण व्हीसी के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे।

# डीआईपी योजना अंतर्गत दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग किए गए प्रदान

**सिंगरौली।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित एडीआईपी योजना अंतर्गत दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान करने हेतु जनवरी 2024 में आयोजित चिन्हांकन शिविरों में चिन्हित कुल 230 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान करने हेतु शिविरों का आयोजन किया जाना है। जिसके तहत आज ग्राम पंचायत भवन माड़ा में शिविर का आयोजन कर 21 से चिन्हित दिव्यांग हितग्राहियों को उपकरण प्रदान किए गए। एडीआईपी योजना का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद विकलांग व्यक्तियों को टिकाऊ, परिष्कृत



और वैज्ञानिक रूप से निर्मित, आधुनिक, मानक सहायताएं और उपकरण खरीदने में सहायता करना है जो विकलांगता के प्रभाव को कम करके उनके शारीरिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पुनर्वास को बढ़ावा दे सकते हैं और उनकी आर्थिक क्षमता को बढ़ा सकते हैं।

कार्यक्रम दौरान उपसंचालक सामाजिक न्याय अनुराग मोदी, सीईओ जनपद पंचायत बैढ़न अनिल तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बैढ़न उपेंद्र सिंह, जनपद सदस्य रणधीर सिंह, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी दीपक सोनी और सरपंच ग्राम पंचायत मांड़ा श्रीमती किसमन सिंह और और जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र सिंगरौली की टीम उपस्थिति रही। साथ ही आगामी शिविरों दिनांक 19 जुलाई को जनपद पंचायत देवसर एवं नगर परिषद सरई , 20 जुलाई को जनपद पंचायत चितरंगी और ग्राम पंचायत बगदरा , 23 जुलाई को नगर परिषद बरगवां में शिविरों का आयोजन कर 230 दिव्यांगजनों को उपकरणों एवं कृत्रिम अंगों का वितरण किया जाना है।

राजस्व महा-अभियान 2.0 - 31 अगस्त तक

# राजस्व अधिकारी लंबित प्रकरणों का शत प्रतिशत करें निराकरण

## अविवादित नामांतरण और बंटवारा के प्रकरणों का प्राथमिकता पर निराकृत करायें : कलेक्टर

**सीधी।** राजस्व महाअभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा राजस्व अधिकारियों से विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व महाअभियान 31 अगस्त तक चलाया जाएगा। अभियान के लिए सभी उपखण्ड अधिकारी रणनीति तैयार कर लें। प्रत्येक गांव में बी-1 का वाचन अनिवार्य रूप से कराएं। अभियान के संबंध में सभी एसडीएम और तहसीलदार बैठक लेकर शासन के निर्देशों से पटवारियों को अवगत कराएं। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान सभी राजस्व न्यायालयों का निरीक्षण किया जावेगा। निरीक्षण के दौरान अभियान के लिए निर्धारित सभी बिन्दुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। अभियान के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कलेक्टर ने



राजस्व महाअभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान की पूरी जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने बताया कि राजस्व महा-अभियान 2.0 में आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराना और पूर्व आदेशों का खसरों और नक्शे में अमल, अपर कलेक्टर, अनुविभाग अधिकारी राजस्व द्वारा तहसील न्यायालयों का निरीक्षण, आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण, नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, नक्शे में तरमीम, खसरे में बटांकन होना परंतु नक्शे में नही होना, खसरा नंबर का एक से अधिक बार होना, नक्शे में बटांकन होना एवं खसरे में नही होना, शामिल खसरे को भिन्न किया जाना, समग्र ई-केवाईसी तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग, पीएम किसान सैचुरेशन, स्वामित्व, फार्मर रजिस्ट्री आदि प्रकरणों का निराकरण राजस्व महा-अभियान 2.0 मे किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि जिले में नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए विशेष प्रयास करें। जो प्रकरण 30 जून तक निराकृत हो गए हैं उनका अभियान के दौरान अमल दरामद कराएं। कलेक्टर ने सीमांकन महाअभियान में किए गए सीमांकन के आधार पर संबंधित प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि सभी राजस्व प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। सभी एसडीएम तथा तहसीलदार प्रकरण के शत-प्रतिशत दर्ज होने का प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करें। अभियान के दौरान निरीक्षण में इसका सत्यापन किया जावेगा। यदि किसी न्यायालय में कोई प्रकरण बिना दर्ज किए हुए पाया जाता है तो संबंधित पीठासीन अधिकारी के ऊपर कार्यवाही की जावेगी। राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जो समय सीमा तय की गई है उसमें ही प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। जिले में बंटवारे के भी बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं। पक्षकारों को समझाइश देकर बंटवारे के प्रकरण निराकृत करें। नक्शा तरमीम तथा खसरे में सुधार के प्रकरण प्राथमिकता के साथ निराकृत करें।

कलेक्टर ने कहा कि नक्शा तरमीम के प्रकरणों में जिनमें कम खातेदार हैं उनके प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। किसान सम्मान निधि के आवेदनों में ई केवाईसी तथा अन्य कमियाँ भी अभियान के दौरान दूर कराएं। अभियान के दौरान लगाए जाने वाले शिविरों में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में समस्त जानकारियाँ दर्ज कराएं। स्वामित्व योजना के पात्र हितग्राहियों का चयन करके 15 अगस्त तक शत-प्रतिशत भू अधिकार पत्र वितरित कराएं। राजस्व अभियान की नियमित मॉनीटरिंग की जाएगी। सभी उपखण्ड अधिकारी निर्धारित प्रपत्र में जानकारी दर्ज कर प्रतिदिन प्रस्तुत करें।

बैठक में अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली एवं सिहावल आर पी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी संयुक्त कलेक्टर प्रशांत त्रिपाठी एवं संबंधित राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर हितग्राहियों को लाभान्वित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा बुधवार को ग्राम भैसरहा विकासखंड रामपुर नैकिन में विष्णु कांत कुशवाहा द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंतर्गत निर्मित तालाब का अवलोकन किया गया तथा तालाब में किये जा रहे पंगेशियस मछली के पालन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली गई। श्री कुशवाहा द्वारा बताया गया कि मत्स्य पालन के व्यवसाय में बहुत ज्यादा फायदा होने के साथ ही उत्पादित मछली की स्थानीय स्तर पर बहुत ज्यादा मांग हैं। कलेक्टर द्वारा मत्स्य पालन की गतिविधियों की सराहना करते हुए सहायक संचालक मत्स्य उद्योग जिला सीधी को प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिए गये। इस अवसर पर मत्स्य पालन, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ग्रामीण यंत्रिकी सेवा विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मचारी तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

# मानवाधिकार प्रदेश कल्याण सचिव से मिलकर दिया पत्र



**सीधी।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही बाणसागर ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत मथुरा देवी शिक्षा प्रचार एवं समाज कल्याण समिति ग्वालियर ने अनुबंध करके सीधी जिला के सिहावल ब्लॉक के 191 गांव में प्रचार प्रसार क्षमता वर्धन एवं जन जागरूकता संबंधी गतिविधि को करने के लिए बिना किसी नियुक्ति पत्र किसी लेख के मोटीवेटर रखें जिन्हें प्रतिमाह सर्वे होने तक 1000 रुपये देंगे। फिर प्रत्येक गांव में गांव के ही दो मोटीवेटर को नियमित रोजगार जल जीवन मिशन के बाल ऑपरेटर पद पर कर दिया जाएगा तब 8000 से 10000 रुपये प्रतिमाह मिलेगा इस प्रलोभन पर सभी मोटिवेटर ने काम किया परंतु 3 महीने काम करने के बाद अभी तक एक भी महीने का एक भी रुपए किसी भी मोटीवेटर को नहीं मिला है इस गंभीर समस्या को लेकर काम करने वाले सिहावल ब्लाक के लगभग 20 मोटीवेटर भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश कल्याण सचिव राकेश मौर्य से मिलकर पत्र देकर अपने अधिकारों की रक्षा करने की बात की गई। इस पर प्रदेश कल्याण सचिव राकेश मौर्य द्वारा समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन सीधी के जिला मीडिया सचिव अरुण दुबे सहित ब्लॉक से आए हुए काम करने वाले मोटीवेटर जय श्री द्विवेदी, अंबुज द्विवेदी, प्रियंका साकेत, कमलेश्वर तिवारी, संजय मौर्य, मनीषा पटेल, सुषमा पटेल, दिव्यांशु गौतम, बृजेश रजक, के. पी. तिवारी सहित अन्य मोटीवेटर उपस्थित रहे।

# भूमि के प्लाट बनाकर बिना अभिन्यास की स्वीकृत लिए ही विक्रय करने पर 13 व्यक्तियों को नोटिस जारी

**कलेक्टर न्यायालय में 29 जुलाई को जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश**

**समाधान कारक जवाब नहीं प्रस्तुत करने पर होगी विधि संगत कार्यवाही**

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा भूमि के प्लाट बनाकर बिना अभिन्यास की स्वीकृत लिए ही विक्रय किया जाकर मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 (अध्याय 12ए, 339-क कालोनी निर्माण) एवं धारा 339-ख के प्रावधानों का उल्लंघन एवं मध्यप्रदेश नगरपालिका कालोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण निर्वधन एवं शर्तें नियम 1998 अंतर्गत कॉलोनाइजर की शर्तों का उल्लंघन करने पर 13 व्यक्तियों को नोटिस जारी की गई है। उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास तथा तहसीलदार गोपद बनास के प्रतिवेदन के आधार पर अभिषेक प्रताप सिंह पिता सुरेश प्रताप सिंह, शैलेन्द्र सिंह पिता योगेन्द्र सिंह, मुस. मीना सिंह बेवा सुखेन्द्र सिंह, अमर सिंह पिता सुखेन्द्र सिंह, अतुल सिंह पिता सुखेन्द्र सिंह, प्रिंसबहादुर सिंह पिता रमेश कुमार सिंह निवासी करौंदिया दक्षिण टोला तहसील गोपद बनास जिला सीधी, रामेश्वर प्रसाद गुप्ता तनय मोतीलाल गुप्ता, रामराज सिंह चौहान पिता जयकरण सिंह चौहान, बृजनन्दन सिंह पिता अवधशरण सिंह वगैरह, मनोज कुमार पिता लालमणि दुवे, धर्मराज सिंह पिता जनार्दन सिंह, पुष्पराज सिंह पिता समरबहादुर सिंह निवासी ग्राम सीधी खुर्द तहसील गोपद बनास जिला सीधी एवं गोरेन्द्रधर द्विवेदी पिता ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी निवासी ग्राम अमहा तहसील गोपद बनास जिला सीधी को नोटिस जारी किया गया है।

जारी नोटिस के अनुसार उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा भूमि के प्लाट बनाकर बिना अभिन्यास की स्वीकृत लिए ही विक्रय किया जाकर मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 (अध्याय 12ए, 339-क कालोनी निर्माण) एवं धारा 339-ख के प्रावधानों का उल्लंघन एवं मध्यप्रदेश नगरपालिका कालोनाइजर का रजिस्ट्रीकरण निर्वधन एवं शर्तें नियम 1998 अंतर्गत कॉलोनाइजर की शर्तों समतलीकरण, अभिन्यास में स्वीकृत प्रस्तावित सड़कों तथा भू-खण्डों का सीमांकन, प्रस्तावित सड़कों का निर्माण जिसमें विद्यमान सड़कों का चौड़ा किया जाना, पुलियों का निर्माण, प्रस्तावित नालियों का निर्माण, आंतरिक जल प्रणाली का निर्माण, विद्युत प्रणाली के अधीन, विद्युत खम्भों आदि का लगाया जाना, सड़क के बगल में वृक्षारोपण, बच्चों के खेल का मैदान एवं निम्न आय समूह के व्यक्तियों का प्लाट निर्धारित किया जाना का उल्लंघन किया गया है। संबंधित व्यक्तियों को निर्देशित किया गया है कि दिनांक 29.07.2024 को न्यायालय कलेक्टर जिला सीधी में प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर समस्त उक्त भूमियों के संबंध में सुसंगत अभिलेख के साथ जवाब प्रस्तुत करें। नियत दिनांक को उपस्थित न आने एवं जवाब प्रस्तुत न किये जाने पर संबंधितों का सुनवाई का अवसर समाप्त करते हुए एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर विधिसंगत आदेश पारित किया जावेगा। उक्त प्रावधानों के तहत संबंधित के स्वत्व में अवैध कॉलोनी की सीमा में शेष बची हुई भूमि का प्रबंधन अधिकार में लेते हुए उनके अंतरण या अंतरण किये जाने का करार अवैध मानते हुए कार्यवाही की जायेगी।

कलेक्टर श्री सोमवंशी द्वारा समस्त उपखण्ड अधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि जिले में इस प्रकार भूमि के प्लाट बनाकर बिना अभिन्यास की स्वीकृत लिए जो जमीन विक्रय की कार्यवाही की जा रही है उन सभी की जांच कर प्रभावी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

# स्कूलों का निरीक्षण करें सभी विभागीय अधिकारी : कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने शहडोल संभाग के सभी विभागीय अधिकारियों को भ्रमण के दौरान स्कूलों का सतत रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान शासकीय स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण करें तथा देखें कि स्कूल में शिक्षक समय पर उपस्थित होकर अपना शैक्षणिक कार्य कर रहें है अथवा नहीं। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित शिक्षक की जानकारी, अधिकारी कमिश्नर कार्यालय को मुहैया कराएं। कमिश्नर ने कहा है कि स्कूलों से मनमाने तौर पर अनुपस्थित शिक्षकों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। कमिश्नर ने स्कूलों के भ्रमण के दौरान मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि शहडोल संभाग की सभी शासकीय शालाओ में विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराना हम सब की जवाबदेही है। स्कूलों के निरीक्षण के कार्य को सभी अधिकारी अति गंभीरता से लें। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने उक्त निर्देश आज समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी भ्रमण के दौरान छात्रावासों का भी निरीक्षण करें तथा छात्रावासों की स्थिति के संबंध में अपना प्रतिवेदन उपायुक्त जनजाति कल्याण विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कमिश्नर ने छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण कार्य की समीक्षा की तथा निर्देश दिए कि छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का वितरण समय पर कराना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने जनजाति कार्य विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे छात्रवृत्ति वितरण में हो रहे गतिरोध को दूर करने के लिए उच्च स्तरीय अधिकारियों से चर्चा करें तथा छात्रवृति वितरण में आ रहे गतिरोध को तत्काल दूर करने का प्रयास करें। बैठक में शासकीय शालाओ में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को निशुल्क किताब वितरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने उप संचालक शिक्षा शहडोल संभाग को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग की शासकीय शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सभी विषयों की किताबें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें तथा जिन विषयों की किताबें उपलब्ध नहीं हुई है उसकी कक्षावार सूची बनाकर आज ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# एक क्लासिक फिल्म जो एक पिता की अपनी बेटी के प्रति भावनाओं को दिखाती है: सूर्य प्रकाश

**सीधी।** इंद्रवती नाट्य समिति, यूसीएन मास पब्लिक स्कूल, ट्रांसफ्रेम और आर्ट ऑन क्लिक के सहयोग से हर रविवार सीधी सिनेमा क्लब में लोगो को ज्ञानवर्धक और मनोरंजन से ओत-प्रोत फिल्में दिखाई जाती है। जिसके स्कूल के विद्यार्थियों के साथ-साथ शहर भर से बच्चे और युवा सहभागिता करते है। इस रविवार 2005 की एक भारतीय की मशहूर फिल्म कांचीवरम का प्रदर्शन किया गया। कांचीवरम 2008 की एक भारतीय तमिल भाषा की पीडियड ड्रामा फिल्म है, जिसे प्रियदर्शन ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म में प्रकाश राज और श्रिया रेड्डी हैं और इसका संगीत एम.जी.श्रीकुमार ने दिया है, छायांकन तिरू ने किया है, संपादन अरूण कुमार ने किया है और कला निर्देशन सबु सिरिल ने किया है। ऑडियोग्राफी एम.आर. राजकृष्णन ने की है। फिल्म कांचीपुरम शहर में रेशम बुनकरों की दयनीय स्थिति को दर्शाती है क्योंकि वे असंगठित और हाशिए पर थे और उन्हें लगातार 'हाथ-से-मुँह वाला जीवन जीना पड़ता था। फिल्म उनके संघर्षो को दर्शाती है और सहकारी आंदोलन के बारे में एक टिप्पणी के साथ समाप्त होती है जो श्रमिकों के हितों की देखभाल के लिए उभरा।

# तकनीकी सहायक को कमिश्नर ने किया तत्काल प्रभाव से निलंबित

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद द्वारा मध्यप्रदेश सिविल (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के अन्तर्गत डॉ. के. के. शर्मा, तकनीकी सहायक, (व्ही.ए.एस.) कार्यालय उप संचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला शहडोल को तत्काल प्रभाव निलंबित कर दिया गया। जारी आदेष में कहा गया है कि उप संचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला शहडोल के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि मुख्यालय भोपाल व्दारा डॉ. के.के. शर्मा, तकनीकी सहायक, (व्ही.ए.एस.) को ग्रीष्म ऋतु सर्वेक्षण कार्य का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था, कार्य की प्रगति संतोषजनक न होंने से असंतोष व्यक्त किये जानें से अधीनस्थों के व्दारा किये गये कार्य की प्रगति की जानकारी चाहे जानें पर प्रस्तुत न करनें, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग शहडोल के मुख्यालय से बाहर/अवकाश पर रहनें की स्थिति में कार्यालयीन चालू कार्य, वरिष्ठ कार्यालय की बैठक में उपस्थित रहनें के निर्देश दिये गये थे, जिसका पालन नहीं किया गया। कलेक्टर जिला शहडोल व्दारा ए.पी.सी. बैठक की तैयारी से संबंधित आयोजित समीक्षा बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थिति रहनें, संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग भोपाल व्दारा ए.पी.सी. की बैठक पश्चात रात्रि 7.00 बजे से समस्त व्ही.ए.एस. एवं व्ही.ई.ओ. की समीक्षा बैठक लिये जानें की जानकारी के बावजूद समय पर उपस्थित न होनें आदि जैसे कृत्य किये जानें के कारण उपसंचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, जिला शहडोल के व्दारा जारी कारण बताओ सूचना का जवाब प्रस्तुत न करनें तथा अपनें पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरतते हुए मनमाने रूप से कार्यालय में नशे की हालत में उपस्थित होंने, स्वेच्छाचारिता पूर्ण कृत्य करते हुए वरिष्ठ कार्यालय,अधिकारियों के व्दारा दिये गये आदेश, निर्देशों का पालन न करनें का कृत्य किया गया है, जो म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के विपरीत होने से दण्डनीय है।

# औषधि 'मलेरिया ऑफ 200' का डोर टू डोर जा कर कराया जाएगा सेवन

**शहडोल।** जिला आयुष अधिकारी डॉ शशि प्रभा पाण्डेय ने जानकारी दी है कि हर वर्ष जुलाई अगस्त में आयुष विभाग द्वारा संचालनालय आयुष मध्यप्रदेश के निर्देश पर आगुष मलेरिया रोग नियंत्रण कार्यक्रम ।डब्व् किया जाता है, जिसमें पूर्व वर्ष के मलेरिया प्रभावित एवं वर्तमान वर्ष में संभावित ग्रामों की पूरी जनसंख्या को मलेरिया रोधक होम्योपैथिक औषधि 'मलेरिया ऑफ 200' का सेवन कराया जाता है। उन्होनें बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 सितम्बर तक कलेक्टर श्री तरूण भटनागर के मार्गदर्शन में आयुष विभाग, स्वास्थ्य (मलेरिया) व महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जिले के पाँचो ब्लाक के 15 ग्रामों की कुल 27000 जन संख्या को औषधि 'मलेरिया ऑफ 200' दो चरणों की कुल 06 खुराक खिलाई जाएँगी।

# नर्सिंग के छात्र-छात्राओं में भाजपा के खिलाफ आक्रोश: अजय सिंह

## युवाओं के साथ परीक्षाओं के नाम पर बड़े बड़े घोटाले हो रहे है : पूर्व नेता प्रतिपक्ष

**सीधी।** लगातार 24 घंटे चलने वाले इस सत्याग्रह कार्यक्रम की शुरुआत चुरहट विधायक ने युवाओं के बीच जाकर की। अजय सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार चाहे केंद्र की हो या प्रदेश की युवाओं के भविष्य को चौपट कर रही है जो हम होने नही देंगे।

श्री सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में नर्सिंग छात्रों की लड़ाई जारी है। जिस तरह से युवाओं का भविष्य इस भाजपा सरकार ने बर्बाद किया है,युवाओं के भविष्य को अंधकार की ओर धकेला है उससे नर्सिंग के छात्र-छात्राओं में भाजपा के खिलाफ आक्रोश है।

अजय सिंह ने कहा कि यह बात सच है कि देश के युवाओं के साथ परीक्षाओं के नाम पर बड़े-बड़े घोटाले हो रहे हैं, जिससे प्रदेश बदनाम हो रहा है। घोटाले के सरगना प्रदीप जोशी को भाजपा के बड़े बड़े मंत्रीयो




का संरक्षण है। ऐसा पहली बार हुआ कि जब हमारे सभी विधायकों ने घोटालों और भ्रष्टाचार को लेकर मप्र सरकार को घेरा और सरकार छात्रों,युवाओं, किसानों, लाड़ली बहनों से डर गई और विधानसभा को स्थगित कर दिया। नर्सिंग घोटाला, नीट घोटाला, शिक्षकों की भर्ती, बैकलॉग भर्ती के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी। सरकार के जो नुमाइंदे पकौड़े बैचने,पंचर की दुकान खोलने की जैसी बात करते है तो वह सरकार किसी की हितैषी नहीं हो सकती। श्री सिंह ने आगे कहा कि अग्निवीर योजना और नर्सिंग घोटाले में संलिप्त केंद्र सरकार ने सीमा पर देश की सेवा करने वाले सैनिकों और बीमारियों से बचाने वाले डाक्टरों और युवाओं के साथ धोखा किया है। पहले गूगल पर सर्च करते थे तो भोपाल में लेक, मंदिर और एशिया की सबसे बड़ी ताजुल मस्जिद दिखती थी लेकिन अब गूगल पर भोपाल के बारे में सर्च करों तो स्केम की लंबी लिस्ट निकली है। मप्र पहले आरएसएस की नींव थी और अब भ्रष्टाचार की नींव बन गया है। इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि सरकार द्वारा छात्रों का साथ देने के बजाय सरकारी अधिकारी और मंत्रियों को संरक्षित किया जा रहा है। नीट के छात्रों, नर्सिंग के युवाओं को जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।अग्निवीर योजना को भी बंद कराया जाना चाहिए।

## संपादकीय

### दिल्ली में बेखौफ अपराधी

राजधानी दिल्ली के गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में भर्ती एक मरीज की सरेआम गोली मारकर हत्या कर देने की घटना से एक बार फिर कई सवाल खड़े हुए हैं। अस्पताल में बीमार और घायल लोग इलाज पाकर नए जीवन की उम्मीद करते हैं। मगर अस्पताल ही जब सुरक्षित न हों तो पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्था का सवालों के कठघरे में आना स्वाभाविक है। इस घटना के बाद अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सक भी अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।यही वजह है कि जीटीबी अस्पताल के रेजीडेंट डाक्टरों ने इसे लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। उनका कहना है कि अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने को लेकर उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। जब तक सरकार अस्पताल के भीतर सभी के लिए सुरक्षित माहौल नहीं बनाती, वे सेवाएं नहीं दे सकते। गौरतलब है कि दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में रविवार को एक युवक ने वार्ड में घुसकर वहां भर्ती एक मरीज की गोली मार कर हत्या कर दी। उस वक्त वार्ड में अन्य मरीज और अस्पताल के कर्मी भी मौजूद थे, लेकिन हमलावर ने हथियार दिखाकर सभी को चुप करा दिया। जाहिर है, हमलावर के भीतर पुलिस और कानून का कोई खौफ नहीं था।सवाल है कि हमलावर हथियार लेकर अस्पताल के भीतर कैसे दाखिल हो गया। क्या वहां सुरक्षा जांच की कोई व्यवस्था नहीं थी? या फिर सुरक्षा में कोई चूक हुई है? लापरवाही का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद आसानी निकल भागा। यह सब जांच का विषय है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों को भी कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए। इस घटना के बाद दिल्ली सरकार का कहना है कि यहां के सभी अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद होनी ही चाहिए, लेकिन आखिर ऐसा क्यों होता है कि शासन-प्रशासन कोई बड़ी घटना होने के बाद ही सक्रिय होता है? जब तक तमाम व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए ठोस नीति तैयार कर उस पर सख्ती से अमल सुनिश्चित नहीं किया जाता, तब तक इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा।

# मनोबल बढ़ाकर नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने की तैयारी में भाजपा

**देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश जहां से लोकसभा की 80 सीटें आती हैं, भाजपा ने लोकसभा चुनावों में सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करने का लक्ष्य रखा था किंतु अधूरा रह गया और भाजपा को मात्र 37 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। स्थिति इतनी प्रतिकूल हो गई कि अयोध्या विधानसभा सीट वाली फैजाबाद संसदीय सीट पर भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। स्वाभाविक है भाजपा को गहरा धक्का लगा और पारस्परिक आरोप प्रत्यारोप, और मीडिया हलचल के बीच अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। बिल्ली की तरह योगी-मोदी के मध्य संबंधों के ख़राब होने का छींका टूटने की आस में बैठे विरोधी अति उत्साह में घूमने लगे, बड़े-बड़े बयान देने लगे।**

(मृत्युंजय दीक्षित)

उत्तर प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेताओं ने संबोधित किया और विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया।

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश जहां से लोकसभा की 80 सीटें आती हैं, भाजपा ने लोकसभा चुनावों में सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करने का लक्ष्य रखा था किंतु अधूरा रह गया और भाजपा को मात्र 37 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। स्थिति इतनी प्रतिकूल हो गई कि अयोध्या विधानसभा सीट वाली फैजाबाद संसदीय सीट पर भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। स्वाभाविक है भाजपा को गहरा धक्का लगा और पारस्परिक आरोप प्रत्यारोप, और मीडिया हलचल के बीच अफवाहों का बाजार गर्म हो गया। बिल्ली की तरह योगी-मोदी के मध्य संबंधों के ख़राब होने का छींका टूटने की आस में बैठे विरोधी अति उत्साह में घूमने लगे, बड़े-बड़े बयान देने लगे।

इस पूरी मीडिया हलचल के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शांत भाव से पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने काम में लगे हैं, प्रदेश के विकास को गति देने के लिए, जनता की जनसमस्याओं को हल करने के लिए और साथ ही पार्टी की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए निरंतर स्वयं ही धरातल पर उतरकर स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। लोकसभा चुनावों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी मंडल व जिला अध्यक्षों तथा विधायकों से मिलकर पराजय की गहन समीक्षा कर रहे हैं, जिसमें वह पूछ रहे हैं कि 2019 और 2022 में हमारी विजय का आधार क्या था और 2027 में पीछे रहने का क्या कारण है ? कार्यक्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सदा की तरह पूरी कर्मठता से सक्रिय हैं। हाथरस की भीषण दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथरस में थे और बाढ़ क्षेत्रों में नाव से सर्वेक्षण करते हुए पीड़ितों के बीच पहुंच रहे हैं।

कई अफवाहों की धुंध के बीच लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया गया है। कार्यसमिति की इस बैठक से पहले भाजपा के महामंत्री बीएल संतोष ने पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के साथ बैठक कर पराजय के कारणों की गहन समीक्षा करने के साथ ही सभी उपचुनाव जीतने का संकल्प लिया था।

प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति की बैठक से स्पष्ट सन्देश दिया गया है कि प्रदेश में आगामी सभी चुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ही लड़े जाएंगे। स्वाभाविक है कि इससे आप नेता अरविंद केजरीवाल, सपा मुखिया अखिलेश यादव, कांग्रेस और भाजपा के अंदर बैठे कुछ गुटबाज निराश हो गये हैं। पार्टी के बाहर हों या अन्दर योगी विरोधियों को अब इस सपने से बाहर आना होगा कि उत्तर प्रदेश से योगी जी को हटाया जा रहा है। यह बात अलग है कि आने वाले दिनो में यूपी मंत्रिमडल का विस्तार और फेरबदल आदि हो सकता है और वह जो भी होगा वह इंडी गठबंधन की रणनीतियों को ध्यान में रखकर होगा। कुछ सीटों पर पराजय से प्रदेश की भाजपा सरकार व उसका विकास का एजेंडा बैकफुट पर नहीं जाने वाला है। प्रदेश की भाजपा सरकार समग्र विकास के एजेंडे के साथ हिन्दुत्व के मुद्दे पर भी मजबूती से आगे बढ़ेगी।



प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेताओं ने संबोधित किया और विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया। भाजपा कार्यसमिति की बैठक में राजनैतिक प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें एससी व ओबीसी आरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने एससी व ओबीसी के लिए जो कार्य किये हैं उनके विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रस्ताव में संविधान पर भी चर्चा की गई और कहा गया है कि हमारी सरकार ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में घोषित किया है। हम संविधान को सिर्फ राजकाज का हिस्सा नहीं मानते संविधान जनचेतना का हिस्सा हो इसी ध्येय के साथ हमारी सरकार ने 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना प्रारम्भ किया है। कार्यसमिति में भाजपा को अपेक्षित सफलता न मिल पाने का एक कारण विपक्ष का झूठा प्रचार भी बताया गया है।

भाजपा के प्रस्ताव में सपा पर निशाना साधा गया और कहा गया कि विपक्ष में होने पर पिछड़े दलितों वंचितो के हितैषी होने का ढोंग करने वाले सपाई जब सत्ता में होते हैं तब असली रंग दिखाते हैं। सत्ता में रहते हुए प्रमोशन में आरक्षण समाप्त करने का कार्य करते हैं। भाजपा कार्यसमिति में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिंदुओं को हिंसक बताने वाले बयान की कड़ी निंदा की गई और कहा गया कि राहुल के बयान से हिंदू समाज आहत है जिसके लिए उन्हें हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए। एक अन्य प्रस्ताव में प्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की गई।

कार्यसमिति की बैठक में भाजपा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पहले सभी 10 उपचुनाव जीतने का संकल्प लिया साथ ही 2027 में प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने के लिए अभी से जुट जाने की अपील की गई। कार्यसमिति की बैठक में भाजपा ने तीन माह के कार्यक्रम भी घोषित कर दिये गये हैं। समिति की बैठक से यह साफ संदेश जा रहा है कि अब भाजपा दलितों को साधने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

कार्यसमिति की बैठक में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान कर उसका विस्तार करने पर बल दिया गया है जिसके लिए अब बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन विस्तार की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।सदस्यता अभियान भी तीव्र गति से चलाया जाएगा। साथ ही कुछ अन्य कार्यक्रमों की भी घोषणा की गई है। कार्यसमिति ने विकसित भारत के मंत्र के साथ, कार्यकर्ता प्रथम के विचार के साथ आगे बढ़ने व सभी उपचुनाव जीतने का संकल्प लिया है। कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया में सक्रिय रहने की अपील की गई है। बैठक में सभी नेता इस बात पर सहमत रहे कि कार्यकर्ताओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट कर दिया है कि अब उछलकूद करने वालों को अवसर नहीं मिलेगा और सभी 10 उपचुनाव बीजेपी ही जीतेगी। यह भी साफ हो गया है कि भाजपा कार्यकर्ता को अब बैकफुट पर नहीं जाना है बीजेपी का नेतृत्व अब फ्रंटफुट पर विपक्ष का मुकाबला करने के लिए मैदान पर उतरने जा रहा है। कार्यसमिति में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि वह हिन्दुत्व की अपनी राह पर चलते रहेंगे।

मुहर्रम की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब मुहर्रम पर सड़कें सूनी हो जाती थीं, ताजिया के नाम पर घर तोड़ जाते थे, पीपल के पेड़ काटे जाते थे, सड़कों के तार हटाये जाते थे। आज हमारा स्पष्ट निर्देश है कि पर्व और त्यौहार मनाना है तो नियमों के अंतर्गत मनाओ वरना घर में बैठ जाओ। मुख्यमंत्री ने साफ किया कि प्रदेश माफिया मुक्त हो चुका है उन्होंने साफ कहा कि जब तक भारत में भगवान राम, कृष्ण और शिवजी की पूजा होती रहेगी तब तक भारत व सनातन को कोई समाप्त नहीं कर सकता।

कार्यसमिति ने भी यह बात मान ली है कि कार्यकर्ताओं की नाराजगी पार्टी को भारी पड़ी है इसलिये अब सरकार व संगठन स्तर पर कार्यकर्ताओं को प्रमुखता देने की बात हो रही है। कार्यकर्ताओं से संवाद व सामंजस्य बढ़ाने पर भी बल दिया गया है। भाजपा कार्यसमिति कार्यकर्ताओं के मध्य उपजे भ्रम व संदेह को दूर करने में कितना सफल हो पायेगी यह तो आने वाला समय बतायेगा किंतु अब मुख्यमंत्री पद को लेकर जो संशय व आगामी रणनीति को लेकर जो संदेह था वह अब दूर हो जाना चाहिये क्योंकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही रहेंगे और सरकार व संगठन हिन्दुत्व तथा सनातन की राह पर आगे बढ़ते रहेंगे इसमें कोई संशय या संदेह नहीं रह गया है।

# क्लाइमेट से जंग, भारत के हाथ क्या लगा?

(कीर्तिवर्धन सिंह)

अथर्ववेद में कहा गया है कि पृथ्वी हमारी माता हैं और हम उनके बच्चे हैं। भारतीय दर्शन और जीवन शैली हमेशा से प्रकृति के साथ अस्तित्व की संकल्पना के साथ जुड़ी रही है। भारत प्रकृति को पूजता भी है और इसके अनुसार उत्सव भी मनाता है।

**एक पेड़ मां के नाम:** पिछले दस वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध लड़ाई में स्पष्ट रूप से विश्व का नेतृत्व करता हुआ दिखाई दे रहा है। हाल ही में पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की। आज इस अभियान से देश का जन-जन जुड़ा हुआ महसूस कर रहा है और यह अभियान एक जनांदोलन का रूप लेता दिखाई पड़ रहा है।

**सरल समाधान:** हमारी सरकार देश- विदेश के सभी मंचों से पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखा चुकी है। ग्लासगो में हुए सीओपी 26 में प्रधानमंत्री ने लाइफ फार इनवायरमेंट लाइफ का अनूठा विचार प्रस्तुत किया। भारत मानता है कि जलवायु कार्रवाई व्यक्तिगत स्तर पर आरंभ होती है और प्रधानमंत्री मोदी ने जलवायु परिवर्तन की जटिल समस्या का एक सरल समाधान उपलब्ध कराया है।

**वन्य जीवन:** पर्यावरण से जुड़े सभी पहलुओं पर हमारी सरकार ने ध्यान केंद्रित किया है जिसका परिणाम अब दिखने लगा है। न केवल देश में वन आच्छादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है बल्कि पिछले दशक के दौरान बाघों की संख्या भी दोगुने से ज्यादा हो गई है। आज भारत में दुनिया के 75 प्रतिशत से अधिक बाघों का वास है। अफ्रीकी चीतों को लाए जाने से भी भारत की वन्य जीवन विविधता को बढ़ावा मिला है। 2023 में 70 वर्षों के बाद यहां चीता शावक पैदा हुआ। यह प्रजाति देश में विलुप्त हो चुकी थी।

**लक्ष्य पूरा:** जहां एक ओर कई देश अपने जलवायु लक्ष्य को पूरा करने में विफल रहे है, वहीं भारत ने अंतिम समय सीमा से पहले ही अपने लक्ष्य को पूरा कर लिया है। उदाहरण के लिए, गैर फॉसिल स्रोतों से संस्थापित विद्युत क्षमता का 40 प्रतिशत अर्जित करने का लक्ष्य समय सीमा से 9 वर्ष पहले पूरा कर लिया गया। एथनॉल मिश्रित पेट्रोल के लिए निर्धारित लक्ष्य भी समय सीमा से पांच महीने पहले ही अर्जित कर लिया गया।

**गंगाजल की गुणवत्ता:** नमामि गंगे कार्यक्रम की बदौलत इस पवित्र नदी के प्रदूषण को सफलतापूर्वक रोक दिया गया और इससे अनगिनत स्थानों पर जल की गुणवत्ता में सुधार दर्ज किया गया। यह लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हृदय के करीब रहा है जैसा कि उन्हें प्राप्त उपहारों की



नीलामी से हुई समस्त आय नमामि गंगे कार्यक्रम को दान करने के उनके निर्णय से स्पष्ट होता है।

**उज्ज्वला स्कीम:** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के चलते कार्बन डायॉक्साइड उत्सर्जन में भी कमी आई है और हजारों करोड़ की बचत भी हुई है। स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के क्रम में भारत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन के निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभाई है।

**रैंकिंग में सुधार:** इस प्रयासों का ही परिणाम है कि वैश्विक स्तर पर हमारी रैंकिंग में भारी सुधार हुआ है। अंतरराष्ट्रीय संस्था जर्मन वॉच का मानना है कि भारत की जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक रैंकिंग जो 2014 में 30 थी, अब सुधरकर 2023 में 7वें स्थान पर पहुंच गई है।

**एक पृथ्वी, कई प्रयास:** विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सरकार की नीतियों में शामिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि हमारा ग्रह एक है लेकिन हमारे प्रयास कई होने चाहिए एक पृथ्वी, कई प्रयास भारत बेहतर पर्यावरण और वैश्विक कल्याण के लिए होने वाले किसी भी प्रयास में सहायता करने के लिए दृढ संकल्पित है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5435

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 | 7 |
| 8 | | | | 9 | ■ | 10 | |
| 11 | | ■ | 12 | | | ■ | |
| | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| 13 | 14 | 15 | 16 | | 17 | 18 | ■ |
| | | | | ■ | 20 | | |
| | ■ | 21 | | 22 | ■ | | ■ |
| 23 | | | ■ | 24 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1513 को यशस्वी मुगल सम्राट अकबर ने मध्यप्रदेश के इस पडौसी राज्य को फतह किया था (4)
5. यह लेबनान देश की राजधानी है (3)
8. चुनौती देना, आह्वान करना, बदना (5)
10. तौल की एक प्राचीन इकाई, ह्रदय, चित्त, जी (2)
11. निकलना, अतीत होना, बिदा होना (2)
12. अभिमुख, सामने उपस्थित (3)
13. अंतर्राष्टीय टेस्ट क्रिकेट में भारत की ओर से पहला शतक लगाने वाला भारतीय क्रिकेटर (1933 में इंग्लेंड के विरूद्ध 118)(7)
19. प्रबल अभिलाषित होना, तीव्र उत्कंठित होना (4)
20. दक्षिण पवन, मलयानिल (3)
21. रचना कर्म, अभिनव सृष्टि (3)
23. परिक्रमणशील (3)
24. सदृश, समान, मिस्ल, उदाहरण (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. यह भारत के दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहे (27 मई 1984 से 9 जून 1964 व 11 जनवरी 1966 से 24 जनवरी 1966) (8)
2. दग्ध होना, उष्ण लगना (3)
3. पूर्णमासी (2)
4. दया, करूणा, रहम (3)
6. कमरा को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
7. वेतन, पगार, उजरत (4)
9. मशहूर, प्रसिद्ध, ख्याति प्राप्त (4)
14. मंगल ग्रह इस रंग का बताया गया है (2)
15. इस मुगल सम्राट ने दीन-ए-इलाही धर्म चलाया था (4)
16. मन्नत मानना, फुसलाना (3)
17. उपाधि, इस्म (3)
18. पृथ्वी पर विचरण करने वाली प्राणी (4)
22. अरण्य, जंगल (2)

### वर्ग पहेली 5434 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ही | मा | सू | म | र | जा | ■ |
| ह | रा | र | त | ■ | वा | त | ज |
| त | ■ | को | ■ | मौ | न | ■ | क |
| इ | सा | नी | ■ | ■ | गी | द | इ |
| दौ | र | ■ | आ | ला | प | ■ | ना |
| री | ना | रा | य | ■ | त्र | य | ■ |
| ■ | थ | का | ■ | जां | ■ | की | ना |
| ■ | ■ | ■ | आ | च | म | न | ■ |

# दुनिया में सच्चाई और अच्छाई की जीत का महीना मोहर्रम

(एम जे वारसी, प्रोफेसर, अलीगढ़ मुस्लिम विवि)

मोहर्रम अधर्म पर धर्म की, असत्य पर सत्य की तथा अन्याय पर न्याय की जीत को दर्शाता है। यह इस्लामी नव वर्ष के प्रारंभ का प्रतीक है। मोहर्रम इस्लामी कैलेंडर का प्रथम माह होने के साथ-साथ इस्लामी मान्यताओं के अनुसार अत्यंत पवित्र महीना भी माना जाता है। मोहर्रम माह के दसवें दिन को आशूरा कहा जाता है। इसी दिन सन 680 ईस्वी में इराक के कर्बला में इमाम हुसैन और यजीद के मध्य निर्णायक युद्ध हुआ था, जिसमें इमाम हुसैन ने धर्म की रक्षा हेतु अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। इस प्रकार, आशूरा का दिन धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व का दिन हो गया।

विभिन्न प्रांतों, संस्कृतियों एवं समुदायों के शोकाकुल लोग अलग-अलग ढंग से इस दिन को याद करते हैं। उस दिन इमाम हुसैन और उनके परिजनों व साथियों पर हुए अत्याचारों को बयान करते हुए लोग नौहे पढ़ते हैं और शोक संतप्त होकर उन दुखों को अनुभूत करने का प्रयास करते हैं। कुछ लोग इस दिन उपवास भी रखते हैं। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में इमाम हुसैन के त्याग और बलिदान की याद में जुलूस, ताजिए आदि निकाले जाते हैं तथा अलग-अलग रूप में शोक व्यक्त किया जाता है। इनमें मुसलमानों के अतिरिक्त अन्य धर्मों के लोग भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं तथा इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हैं।

वस्तुत- शोक की यह अवधि मोहर्रम के महीने की पहली से दसवीं तारीख तक चलती है, जिसमें पैगम्बर मोहम्मद (स अ) के नवासे इमाम हुसैन, उनके परिजन और अनुयायियों के साथ हुई क्रूरता, अत्याचार को मार्मिक ढंग से याद किया जाता है। यजीद की शक्तिशाली सेना के सामने इमाम हुसैन व उनके साथियों ने घुटने नहीं टेके तथा निर्भीकतापूर्वक सामना किया। वे भले ही संख्या-बल की दृष्टि से शत्रु की विशाल सेना के समक्ष कमजोर थे, परंतु उनका आत्मबल, दृढ़-संकल्प और नैतिक विश्वास अपने उच्चतम स्तर पर था। उनकी जीवटता और सत्य के मार्ग पर चलते हुए आत्मोत्सर्ग की प्रबल भावना उनमें अद्भुत शक्ति का संचार करती रही। यही कारण है कि अकल्पनीय कठिनाइयों, अभावों का सामना करते हुए भी इमाम हुसैन व उनके साथी सत्य, निष्ठा व धर्म के मार्ग पर अडिग रहे और पूरी दुनिया में मिसाल बन गए। मोहर्रम के दसवें दिन, कर्बला की युद्ध भूमि अंतत- इमाम हुसैन, उनके परिजन और साथियों के अदम्य साहस व बलिदान की साक्षी बनी, जिन्हें सत्ता के मद में चूर शासक द्वारा निर्दयतापूर्वक मार दिया गया। यजीद के दमनकारी शासन के विरुद्ध इमाम हुसैन त्याग, समर्पण और न्याय के मूल्यों को अपार धैर्य के साथ थामे हुए तब तक डटे रहे, जब तक उनके शरीर में प्राण शेष रहे। तमाम प्रतिकूल हालात को झेलते हुए भी उन्होंने धर्म और न्याय के मूल्यों की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दे दी। युद्ध में हारकर भी इमाम हुसैन इतिहास में न केवल अमर हो गए, अपितु उनका संघर्षशील जीवन आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा-स्रोत बन गया। वह आज भी समाज को आदर्शों पर जीने के लिए प्रेरित करते हैं। स्पष्ट है, कर्बला की हृदय विदारक घटना आज भी दुनिया में अन्याय, शोषण, दमन और अत्याचार के विरुद्ध सतत संघर्ष का आह्वान करती है।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज आशातीत सफलता प्राप्?त होगी। समाज में आपका सम्?मान बढ़ेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी प्रसन्?न होगा। आज आपकी किसी प्रतियोगि?ता में जीत होने से हर्ष होगा। किसी कारण से आपका पेट बिगड़ सकता है। शाम से लेकर रात तक का समय आनंद में बीतेगा।

**वृषभ**

आज सम्मान में वृद्धि का दिन है और आपको कारोबार में भाग्य का साथ मिलेगा। दोपहर तक किसी कार्य में शुभ समाचार मिलने से हर्ष होगा। शाम के वक्त आपका कोई दोस्त या फिर रिश्तेदार आपसे मिलने आपके घर आ सकता है। रात में किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने से आप खुश रहेंगे।

**मिथुन**

आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा और आपको किसी बहुमूल्य वस्तु और संपत्ति मिलने से आपकी अभिलाषा पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। शाम के वक्त किसी प्रकार का निवेश न करें आपको नुकसान हो सकता है। वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें।

**कर्क**

आज भाग्य साथ देगा और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति होने से हर्ष होगा। कहीं से बड़ी मात्रा में आपको रुका धन मिलने से आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आपकी व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी और आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**सिंह**

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपका दिन दूसरों की मदद करने में बीतेगा। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं इससे साथी आपसे जलन महसूस करेंगे। उनका आपके प्रति व्यवहार बदल सकता है। लेकिन आपके अच्छे व्यवहार से फिर से सब कुछ सामान्य हो जाएगा।

**कन्या**

आज हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपके लिए भाग्यशाली योग बन रहे हैं और आपके कार्य सफल होंगे। वृद्धजनों की सेवा तथा पुण्य कार्यों पर धन खर्च करने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। दूसरे लोगों के लिए आप काफी सिरदर्द बने रहेंगे। आपके परिवार में सब कुछ सामान्य रहेगा।

**तुला**

आज भाग्य साथ देगा और आपको शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त होगी। आय के नए स्रोत बनेंगे और आपको लाभ होगा। आपका बात करने का तरीका आपको विशेष लाभ दिलवाएगा। भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव आपकी सेहत पर पड़ सकता है। सावधान रहें।

**वृश्चिक**

आज दिन शुभ है और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होने से आपको लाभ होगा। धन सम्मान यश कीर्ति में वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और आपकी प्रियजनों से भेंट होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए काफी सोचकर अपने विचार रखें।

**धनु**

आज करियर के मामले में जबर्दस्त लाभ होगा। आपके सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और लोग जो आपके नीचे काम करते हैं उनसे आपका तनाव हो सकता है। धन के लेनदेन में सावधानी बरतें, वरना धन फंस सकता है। आपको किसी मामले में कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं जिसमें अन्ततः आपकी विजय हो जाएगी।

**मकर**

आज करियर में दिन सफलता से भरा होगा। आपको मनचाहा काम करने को मिलेगा तो आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। व्यवसाय में परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे।

**कुंभ**

आज दिन काफी भागदौड़ वाला रहेगा और किसी कारण से अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति को खरीदने के बारे में सोच रहे हैं तो उससे पहले उसकी अच्छे से जांच करवा लें। सभी वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के वक्त स्थिति में सुधार होगा और आपको हर काम में किस्मत का साथ मिलेगा।

**मीन**

आज वक्त आनंद में बीतेगा। आपको पास और दूर की सकारणीय यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों का बोझ कम होगा और आपको हर प्रकार के तनाव से मुक्ति मिलेगी। शाम के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलेक्स होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कुत्ते से हैवानियत, डंडे से पीटा फिर गले में रस्सी डाल सड़क पर घसीटा, पुलिस ने लिया ऐक्शन



**नंदुरबार, एजेंसी।** महाराष्ट्र के नंदुरबार शहर में पुलिस ने एक शख्स पर कुत्ते से हैवानियत की हदें पार करने के मामले में मामला दर्ज किया है। उसने कथित तौर पर पहले डंडे से कुत्ते को बेरहमी से पीटा और फिर गले में रस्सी डालकर उसे सड़क पर घसीटा। इस घटना में कुत्ते की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स के लिए काम करने वाली महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 10 जुलाई की शाम माधव गुरव (50) ने लावारिस कुत्ते की डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी। उन्होंने बताया कि गुरव ने कथित तौर पर कुत्ते के गले में रस्सी बांध उसे सड़क पर घसीटा। अधिकारी ने बताया कि पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) के लिए काम करने वाली प्रीति जायसवाल और उनकी दोस्त घायल कुत्ते को नंदुरबार के एक सरकारी अस्पताल ले गई, लेकिन दो घंटे के भीतर ही कुत्ते ने दम तोड़ दिया। जब जायसवाल ने पेटा के अन्य सदस्यों को घटना के बारे में बताया तो सिनचना सुब्रमण्यम (30) ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद गुरव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 325 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत पशु को मारने या अपंग करने का मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने गुरव को नोटिस भेजा है और मामले की जांच जारी है।

### जनता को सच्चाई बतानी चाहिए, गहलोत ने भजनलाल के दावों पर उठाए सवाल

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के बिजलीघरों को आपूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ में कोयला ब्लॉक आवंटन को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दावों पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सवाल उठाए हैं। गहलोत ने कहा- राजस्थान और छत्तीसगढ़ की जनता को इसकी सच्चाई बताई जानी चाहिए. क्या दोनों मुख्यमंत्रियों को अधिकारी इस मुद्दे पर गुमराह कर रहे हैं ? या दोनों मुख्यमंत्री मिलकर अपने-अपने राजनीतिक हितों के अनुरूप जनता को गुमराह कर रहे हैं. बिजली जैसे जरूरी मुद्दे पर दोनों सरकारों को संवेदनशील होने की आवश्यकता है। इस तरह की भ्रम फैलाने वाली राजनीति से किसका भला होगा ? उन्होंने छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के बयान का हवाला देते हुए कहा है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री को जनता को इसकी सच्चाई बतानी चाहिए। दरअसल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का दावा है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने 91.21 हेक्टेयर वन भूमी का उपयोग करने की अनुमति दे दी है, जबकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि ऐसी कोई बात नहीं है। अशोक गहलोत ने आज एक बयान जारी कर कहा कि यह बेहद ही आश्चर्यजनक है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के बयानों में विरोधाभास है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दावा करते हैं कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राजस्थान के विद्युत गृहों के लिए कोयले की आपूर्ति के लिए हसदेव अरण्य कोलफील्ड में संचालित परसा ईस्ट एवं कांता बासन (पीईकेबी) कोल ब्लॉक की 91.21 हेक्टेयर वनभूमि का उपयोग करने की अनुमति प्रदान कर दी है, लेकिन आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कहते हैं कि ऐसी कोई बात ही नहीं है।

### दबिश के दौरान पिस्टल अनलॉक करते में चली गोली, एसओजी सिपाही की मौत, दरोगा घायल

**अलीगढ़, एजेंसी।** अलीगढ़ में गौकशी के अभियुक्तों की गिरफ्तारी को दबिश देने जा रही पुलिस व एसओजी टीम के साथ बुधवार देर रात बड़ी घटना हो गई। टीम में शामिल एक दरोगा की पिस्टल लोड करते समय फंस गई। जिसे दूसरे सब इंस्पेक्टर द्वारा अनलॉक करने का प्रयास किया तो अचानक गोली चल गई। गोली सब इंस्पेक्टर के पेट पर लगते हुए पास में खड़े एसओजी सिपाही के सिर में जा घुसी। सिपाही की मौके पर ही मौत हो गई। घायल का एसआई का इलाज जारी है। अलीगढ़ के एसएसपी संजीव सुमन के अनुसार नौ जुलाई को थाना गभाना क्षेत्र में एक गौकशी की घटना घटित हुई थी। गौकशी के अभियुक्तों की तलाश में पुलिस टीमें लगीं थीं। बुधवार देर रात इन अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एक ज्वाइंट टीम का गठन किया गया था। जिसमें थाना गांधीपार्क, गभाना व एसओजी को शामिल किया गया था। दबिश के लिए टीम ने अपने-अपने हथियार लोड किए। इस दौरान एक दरोगा मजहर हसन की पिस्टल लोड करते में फंस गई। उनके द्वारा जब पिस्टल अनलॉक नहीं हो सकी तो पास में ही खड़े सब इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने पिस्टल को अनलॉक करने का प्रयास किया तो अचानक गोली चल गई। गोली एसआई राजीव के पेट से लगते हुए पास में खड़े एसओजी सिपाही याकूब के सिर में लगी। घटना से पुलिस टीम में हड़कंप मच गया। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। घायल एसआई का इलाज जारी है। इस घटना ने एक बार फिर से पुलिस कर्मियों के हथियार चलाने की ट्रेनिंग पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्रेनिंग के दौरान यह बताया जाता है कि पिस्टल व दूसरे किसी भी हथियार में गोली फंस जाने या ट्राई करने के समय हथियार को ऊपर आसमान की तरफ कर प्रयास किया जाता है।

# बातचीत करके लें फैसले, थोपने का काम मत करें : पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तीरथ सिंह रावत का कहना है कि पार्टी के भीतर सभी से सलाह-मशविरा करके फैसले लिए जाने चाहिए और उन्हें थोपा नहीं जाना चाहिए, क्योंकि जो आज आगे है वह कल पीछे होगा। यह बात उन्होंने सोमवार को देहरादून में आयोजित पार्टी की कार्यसमिति की बैठक में अपने भाषण के दौरान कही। हालांकि अपने भाषण में उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया।

रावत ने मंच से कहा, सबसे राय-मशवरा लेकर, बातचीत करके, थोपने का काम मत करना, अब तो जनता आगे बढ़ गई, हम पीछे हो गए हैं भैया, नेता तो बहुत पीछे हो गया है, जनता आगे बढ़ गई है। फिर उसके साथ-साथ कार्यकर्ता चल रहा है, मेहनत कर रहा है। इसलिए हमारे यहां कहते हैं ना नेता आधारित नहीं कार्यकर्ता आधारित, ये हम जो बैठे हैं, ये कोई नेता नहीं, बड़े आदमी नहीं हैं, दायित्व निभा रहे हैं।

आगे रावत ने कहा, आज तू है तो कल मैं हूं, आज मैं हूं तो कल तू है। कब पीछे वाला यहां बैठ जाए और यहां वाला पीछे बैठ जाए कोई नहीं जानता। जमीन मत छोड़ो, कार्यकर्ता को मत भूलो। हालांकि उन्होंने किसी का नाम तो नहीं लिया, लेकिन माना जा रहा है कि उन्होंने यह नसीहत पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व और राज्य के नेतृत्व को दी।


तीरथ इतने पर ही नहीं रूके, उन्होंने आगे कहा, मैं पुष्कर धामी जी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं, धन्यवाद करता हूं। जब वे मुख्यमंत्री बने थे, तो हम मिले थे। मैं इनका संघर्ष लखनऊ से जानता हूं, मैं एमएलसी था तो ये लॉ कर रहे थे। मैं इनका संघर्ष जानता हूं। मैंने पुष्कर जी से कहा आप केवल छह-सात महीने के लिए नहीं आए हो, मैं उतरा तो आप आए हो। आपने तो मिथक तोड़कर दोबारा सरकार ले आए, लेकिन आप 5 साल नहीं तो 15 साल पूरे करो। हम उनमें से नहीं जो बना दिया तो बिगड़ जाए, उसके आगे-पीछे आगे-पीछे जाएं। आना होगा तो अपने आप आ जाओगे, ये भाग्य है, जो लेकर आए होगे वही मिलेगा। प्रारब्ध जो लिखा होगा उसको कोई मिटा नहीं सकता।

भाजपा की बैठक में तीरथ सिंह रावत हाल ही में राज्य की दो विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में पार्टी की हार से नाराज नजर आए। उन्होंने इसके लिए गलत प्रत्याशी चयन को जिम्मेदार बताते हुए पार्टी को सलाह-मशविरा करके फैसले लेने की नसीहत दी। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान नहीं मिल रहा है।

15 जुलाई सोमवार को आयोजित इस विस्तारित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, उत्तराखंड भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजय कुमार समेत अन्य कई भाजपा नेता शामिल हुए।

बता दें कि तीरथ सिंह रावत मार्च 2021 से जुलाई 2021 के बीच करीब चार महीनों के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। हालांकि इसके बाद पार्टी ने उनसे इस्तीफा लेकर 4 जुलाई 2021 को पुष्कर सिंह धामी को प्रदेश का मुख्यमंत्री बना दिया था। बाद में 2022 विधानसभा चुनावों में भाजपा के लगातार दूसरी बार सत्ता में आने पर उन्हें एक बार फिर यह जिम्मेदारी सौंपी गई।

## शिमला में अंग्रेजों के जमाने से हो रहे शोर के खिलाफ शिकायत, कार्रवाई को लेकर असमंजस में पुलिस




**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में रोजाना ऑफिस टाइमिंग के दौरान सुबह व शाम को बजने वाले सायरन के खिलाफ पुलिस में शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता महिला ने सायरन बजने से होने वाले ध्वनि प्रदूषण का हवाला देते हुए शहर के दो थानों में शिकायत दर्ज करवाई है। इस शिकायत मिलने से पुलिस भी हैरान है और उसने सायरन बजाने वाले सरकारी विभागों से पत्राचार कर इस सम्बन्ध में जवाब मांगा है। साथ ही पुलिस सायरन को लेकर कानूनी पहलुओं पर भी विचार कर रही है, क्योंकि यह मामला सीधे तौर पर प्रशासन व सरकार से जुड़ा है। शहर के दो पुलिस थानों सदर व छोटा शिमला में दी शिकायत में मानवाधिकार कार्यकर्ता सुमन कदम ने सायरन बजाए जाने की परम्परा पर सवाल खड़े किए हैं, साथ ही यह भी कहा है कि इसकी तीखी आवाज से शहरवासी परेशान हो रहे हैं और खासकर बुजुर्गों व बीमार लोगों के लिए यह बेहद नुकसानदायक है। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने सायरन बजाए जाने को गैर कानूनी ठहराते हुए इसके लिए जिम्मेवार अधिकारियों के खिलाफ स्वढ्ढक्रदर्ज करने की भी मांग की है। अपनी शिकायत में महिला ने तर्क दिया है कि आज के तकनीकी युग में ऑफिस टाइमिंग के लिए सायरन बजाना तर्गसंगत नहीं है, क्योंकि सभी के पास मोबाइल व घड़ियां हैं और किसी को भी ऑफिस टाइमिंग की सूचना देने की जरूरत नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय व हिमाचल सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की ध्वनि बजाने के लिए इसकी मात्रा 55 डेसिबल निर्धारित की गई है, जबकि शिमला शहर के सी.टी.ओ. कार्यालय और छोटा शिमला में राज्य सचिवालय के समीप पुलिस थाना के पीछे दीवार पर लगे सायरन की ध्वनि इससे कहीं अधिक है।

## उमर अब्दुल्ला ने कहा, सरकार को आतंकी हमलों में जिम्मेदारी लेनी होगी

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने डोडा जिले में सोमवार शाम सुरक्षाबलों पर आतंकवादी हमले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। इस हमले में एक अधिकारी सहित सेना के चार जवान और एक स्थानीय पुलिसकर्मी शहीद हो गया था। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पिछले एक साल से जम्मू में आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं। शायद ही जम्मू का कोई ऐसा इलाका है, जो आतंकी गतिविधियों से बचा है। पीर पंजाल में लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं। रियासी, सांबा, कठुआ में भी हमले हो रहे हैं। अगर हमारी सूचना सही है तो पिछले एक साल में हमारे सुरक्षा बलों के 55 लोग मारे गए हैं। हर हमले के बाद केंद्र सरकार कहती है कि आतंकवाद अपनी अंतिम सांसें ले रहा है, लेकिन हमें आतंकवाद का खात्मा होता नजर नहीं आ रहा है। सरकार यह नहीं बताती है कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं। ऐसे हमलों के बाद किसी न किसी की जिम्मेदारी जरूर बनती है। सरकार को अपनी जिम्मेदारी स्वीकारनी होगी।उन्होंने जम्मू-कश्मीर के डीजी के बारे में कहा कि उन्होंने सियासत में कदम रख दिए हैं।

# कश्मीर में हमला करने वाले आतंकियों को जैश ने दी है ट्रेनिंग, अफगानिस्तान युद्ध का भी अनुभव

**जम्मू-कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में हाल के कुछ महीनों में घुसपैठ और आतंकवादी हमले की कई घटनाएं सामने आई हैं। बढ़ते आतंकी हमलों के पीछे खुफिया तंत्र की चूक को भी अहम माना जा रहा है। सेना एवं सुरक्षा बलों को सूचनाएं हासिल करने में आम जनता का सहयोग नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते सटीक सूचनाएं नहीं मिल रही हैं और आतंकी बड़े हमलों को अंजाम देने में कामयाब हो रहे हैं।

इस बीच इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा है कि पिछले छह महीनों में घाटी में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के एक नए समूह का आतंकवादी हमलों में वृद्धि के पीछे हाथ हो सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, इस समूह में मुख्य रूप से पाकिस्तान के पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्रों से भर्ती हुए लोग शामिल हैं। इनके जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े होने का संदेह है। यह जम्मू में तीन सप्ताह में तीसरी बड़ी आतंकवादी घटना थी और नई एनडीए सरकार के शपथ लेने के बाद से सातवीं घटना है। 8 जुलाई को कठुआ जिले में एक आतंकवादी हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए और इतने ही घायल हो गए। एक दिन पहले राजौरी जिले में एक सुरक्षा चौकी पर आतंकवादी हमले में एक सैन्यकर्मी घायल हो गया था। 9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी कैबिनेट ने नए कार्यकाल के लिए शपथ ली थी, उसी दिन रियासी जिले में एक बस पर आतंकवादी हमले में



नौ तीर्थयात्री मारे गए और 42 घायल हो गए। पुंछ-राजौरी हमलों के लिए पीपुल्स एंटी-फासीस्ट फ्रंट ने शुरुआत में जिम्मेदारी ली थी, जबकि कश्मीर टाइगर्स ने डोडा-कठुआ में बाद के हमलों का श्रेय लिया। एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों समूहों को जैश-ए-मोहम्मद का फ्रंट माना जाता है। ये आतंकवादी अत्यधिक प्रशिक्षित और प्रेरित बताए जा रहे हैं। इस बात की संभावना है कि इस नए आतंकी गुट में पाकिस्तान सेना के पूर्व सैनिक और अफगानिस्तान में युद्ध का अनुभव रखने वाले लड़ाके भी शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन हमलों की सटीकता, बॉडी कैमरा जैसी उन्नत तकनीक के उपयोग के साथ, अनुभवी लड़ाकों की मौजूदगी इसी ओर इशारा करती है। लड़ाके संभवतः खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र से हैं, जिन्होंने तालिबान के साथ लड़ाई लड़ी है। रिपोर्ट में सशस्त्र बलों के एक अधिकारी के हवाले से बताया, दोनों आतंकी समूहों ने बॉडी कैमरों का उपयोग करके हमलों के वीडियो बनाए हैं। एक बैकएंड टीम वीडियो को वायरल करने के लिए अंग्रेजी में सबटाइटल डालने का काम करती है। वे कभी-कभी रॉबर्ट फ्रॉस्ट जैसे प्रसिद्ध लेखकों और कवियों का भी उल्लेख करते हैं।

## कांग्रेस में बड़े बदलाव की तैयारी, आधा दर्जन राज्यों में अध्यक्ष के साथ बदल सकते हैं प्रभारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के बाद कांग्रेस की नजर चार राज्यों के विधानसभा चुनाव पर है। हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और जम्मू-कश्मीर में चुनाव रणनीति को अंतिम रूप देने के साथ पार्टी दूसरे राज्यों में भी संगठन को मजबूत करने की तैयारी में जुटी है। इसके तहत पार्टी कई प्रदेशों में अध्यक्षों के साथ कार्यकारिणी और जिला स्तर पर संगठन में बदलाव कर सकती है।

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में खराब या उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं करने वाले राज्यों में कारणों पर विचार करने के लिए समितियों का भी गठन किया है। इन समितियों की रिपोर्ट के आधार पर संगठन में बदलाव हो सकते हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि जिम्मेदारी तय करते हुए बदलाव किए जाएंगे। करीब आधा दर्जन प्रदेश अध्यक्षों के साथ कई प्रभारी भी बदल सकते हैं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा सहित कई राज्यों में बेहतर प्रदर्शन किया है। ऐसे में इन प्रदेशों के अध्यक्ष फिलहाल अपने पदों पर बरकरार रह सकते हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि सबसे बड़े बदलाव छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में हो सकते हैं। इन प्रदेशों में पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी के साथ जिला स्तर पर भी बदलाव कर सकती है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ऐसे में पार्टी जल्द तेलंगाना में नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर सकती है। पंजाब के प्रभारी देवेंद्र यादव दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद भी संभाल रहे हैं। दिल्ली में अगले साल चुनाव है, ऐसे में उन्हें पंजाब की जिम्मेदारी से मुक्त किया जा सकता है। कई अन्य प्रभारी भी बदले जाएंगे। राजस्थान के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी पंजाब की राजनीति में सक्रिय होने की इच्छा जता चुके हैं। वह लोकसभा सांसद भी हैं। ऐसे में पार्टी उन्हें जिम्मेदारी से मुक्त कर सकती है। इसके साथ जिन प्रभारियों के पास दो-दो राज्य हैं, उन्हें एक राज्य की जिम्मेदारी से अलग कर सकते हैं। दीपक बावरिया दिल्ली और हरियाणा तथा अजॉय कुमार उड़ीसा और तमिलनाडु की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इसके साथ वरिष्ठ नेता गुलाम अहमद मीर भी पश्चिम बंगाल और झारखंड के प्रभारी हैं।

## बेटे के साथ हैवानियत कर मां ने बनवाया वीडियो - दांत से काटने लगी छाती, गर्दन भी मोड़ी

**हरिद्वार, एजेंसी।** वह 11 साल के लड़के के पेट पर बैठ जाती है। फिर लगातार मुक्कों से उसपर हमला करने लगती है। बच्चे का बाल पकड़कर नोचने लगती है। उसका सिर जोर-जोर से जमीन पर पटकती हुई दिखती है। वायरल हो रहे वीडियो में हैवानियत की हदें पार करने वाली कोई और नहीं बल्कि उस मासूम की मां निकली। जन्म देने वाली मां अपने बेटे को पीटते हुए चिल्लाकर कहती है, बनाओ इसका वीडियो। यह देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार के झबरेडा का मामला है।

**मां की दरिंदगी ने दहलाया :** मां की दरिंदगी का वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो में मासूम रो-रोकर चिल्ला रहा है। वह पीने के लिए पानी मांग रहा है। लेकिन उसकी मां लगातार पीट रही है। वह उसका दोनों हाथ पकड़कर उसके छाती को दांत से काटने लगती है। ऐसा वह दो बार करती है। बेटे का मुंह नोचकर गला दबाने लगती है। मासूम अपनी मां को पीछे हटाने की कोशिश करता है। लेकिन उसकी मां गर्दन मोड़ देती है। फिर वह उसे लात मारकर भगा देती है।

**जानबूझ कर बनाया गया वीडियो :** हैवानियत करने वाली मां की पहचान प्रियंका के रूप में हुई है। आजतक की रिपोर्ट के मुताबिक, महिला ने अपने बड़े बेटे (12 साल) से यह वीडियो रिकॉर्ड कराया था। बेटे को पीटने वाला वीडियो उसने अपने पति को भेज दिया जो उससे अलग रहता है। बताया जा रहा है कि



महिला और उसके पति के बीच कई सालों से विवाद चल रहा है। अपने पति को सबक सिखाने के लिए महिला ने यह वीडियो बनाया। जानकारी के मुताबिक, यह वीडियो करीब दो महीने पहले का है। महिला ने वीडियो बनवाकर अपने पति को भेज दिया था। पति ने इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इस मामले पर महिला ने बताया कि वह एक दुकान में काम कर के घर का खर्च चलाती है। अपने पति को सबक सिखाने और डराने के लिए उसने वीडियो बनाया। उसने यह भी कहा कि वह अपने बेटे को सच में नहीं मार रही थी, वह बस दिखावा कर रही थी। हालांकि वीडियो देख सोशल मीडिया पर लोग भड़क गए हैं। लोगों ने महिला के खिलाफ सख्त ऐक्शन की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, हरिद्वार पुलिस ने महिला और उसके बच्चे को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सामने पेश किया।

# शरद की पार्टी का बड़ा दावा: अजित पवार को सरकार से बाहर जाने के लिए कह रही भाजपा

**मुंबई, एजेंसी।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने बुधवार को दावा किया कि आरएसएस से जुड़े मराठी साप्ताहिक में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गठबंधन पर सवाल उठाने वाली एक रिपोर्ट उपमुख्यमंत्री अजित पवार को महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ दल छोड़ने का एक सूक्ष्म संदेश है। आरएसएस से जुड़े प्रकाशन विवेक का दावा है कि अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के साथ गठबंधन के बाद महाराष्ट्र में मतदाताओं की भावनाएं भाजपा के खिलाफ हो गईं, जिसके परिणामस्वरूप भगवा पार्टी का प्रदर्शन खराब रहा। प्रकाशन द्वारा किए गए एक अनौपचारिक सर्वेक्षण के अनुसार, भाजपा के सदस्यों ने पवार के साथ हाथ मिलाने के पार्टी के फैसले को अस्वीकार कर दिया। अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार की एनसीपी को तोड़ दिया और पिछले साल जुलाई में महायुति गठबंधन में शामिल हो गए। लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में भाजपा के सांसदों की संख्या घटकर नौ रह गई। शिवसेना और एनसीपी ने क्रमशः सात और एक सीट जीती। इसके विपरीत, विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने शानदार प्रदर्शन किया। 48 में से 30 सीटें जीतीं। बुधवार को एनसीपी (एसपी) के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने दावा किया कि भाजपा को एहसास हो गया है कि अजीत पवार के नेतृत्व वाली



पार्टी के साथ उसका गठबंधन महाराष्ट्र में आने वाले विधानसभा चुनावों में उसकी संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा, वास्तविकता यह है कि महाराष्ट्र के लोगों ने बड़े पैमाने पर एनसीपी (एसपी) के पक्ष में मतदान किया है। भाजपा भी पूरे मामले में सावधानी से काम कर रही है क्योंकि वह चुनाव जीतना चाहती है। लेकिन उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के साथ उसका गठबंधन उन्हें लोकसभा चुनावों की तरह चुनाव हारने वाला है। उन्होंने आगे कहा, साप्ताहिक (विवेक) के जरिए भाजपा खुद को अजीत पवार से दूर करने की कोशिश कर रही है। शायद उन्हें किसी न किसी तरह महायुति छोड़ने के लिए कह रहे हैं। क्रैस्टो ने दावा किया कि महाराष्ट्र के मतदाताओं ने भाजपा के एनसीपी और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ गठबंधन को स्वीकार नहीं किया है। उन्होंने कहा, अजित पवार को साथ लाने के फैसले ने भाजपा के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। इसके कारण पार्टी को महाराष्ट्र में कई लोकसभा सीटें गंवानी पड़ी हैं। महाराष्ट्र की चुनावी राजनीति में यही मौजूदा हकीकत है। ऐसा लगता है कि लोगों ने भाजपा के एनसीपी और इसी तरह शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ गठबंधन को स्वीकार नहीं किया है।

# यशस्वी जायसवाल टेस्ट और टी20 रैंकिंग में भारत के एकमात्र टॉप-10 बल्लेबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के बाएं हाथ के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल आईसीसी टी20 रैंकिंग में छठे नंबर पर हैं। उनके प्रदर्शन की निरंतरता ने उनको टेस्ट मैचों में भी टॉप-10 में जगह दिलाई है। वे टेस्ट क्रिकेट में 8वें स्थान पर मौजूद हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में जायसवाल दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। जायसवाल ने शुरुआती दो मैच नहीं खेले थे, वर्ना वह सीरीज के टॉप रन स्कोरर भी बन सकते थे। जायसवाल सीरीज के तीसरे मैच में टीम के साथ जुड़े , और उन्होंने तीन मैचों की तीन पारियों में 70.50 की औसत के साथ 141 रन बनाए।

सीरीज के टॉप स्कोरर शुभमन गिल थे, जिन्होंने 5 मैचों की पांच पारियों में 170 रन बनाए थे। हालांकि गिल की औसत 42.50 रही थी। जायसवाल इस समय इकलौते भारतीय बल्लेबाज हैं, जो टेस्ट और टी0 रैंकिंग में टॉप-10 में शामिल हैं। टी20 मैचों में ऑस्ट्रेलियाई सनसनी ट्रेविस हेड नंबर एक पर हैं। भारत के मिस्टर 360 डिग्री खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव नंबर दो पर हैं। उसके बाद भारतीय बल्लेबाज के तौर पर यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ टॉप-10 में शामिल हैं। टेस्ट मैचों में न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन नंबर एक पर हैं। दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमशः जो रूट और बाबर आजम हैं।

यशस्वी जायसवाल ने अपने टेस्ट करियर में 9 मैचों में 68.53 की औसत के साथ 1028 रन बनाए हैं। उन्होंने 20 टी20 मैचों में 37.20 की औसत के साथ 643 रन बनाए हैं। खास बात यह है कि जायसवाल ने अभी तक एक भी वनडे मैच नहीं खेला है। वह दो फॉर्मेट में भारत के लिए खेलते हैं और दोनों में टॉप-10 में हैं।



# 15 की उम्र में पहला ओलिंपिक गोल्ड



पेरिस ओलंपिक

## 23 साल में लिया संन्यास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चीन ओलिंपिक के सबसे सफल देशों में शामिल है। हर ओलिंपिक में अमेरिका और चीन में सबसे ज्यादा मेडल जीतने की टक्कर होती है। लेकिन क्या आपको पता है कि टीम की सबसे सफल ओलिंपियन कौन है? चीन के लिए 4 खिलाड़ियों ने सबसे ज्यादा 5-5 मेडल जीते हैं। इसमें एक ऐसी भी खिलाड़ी का नाम है, जिसने सिर्फ 23 साल की उम्र में ही खेल से संन्यास ले लिया था। उस खिलाड़ी का नाम है- चेन रुओलिन।

### डेब्यू ओलिंपिक में ही दो गोल्ड

डाइविंग की खिलाड़ी चेन रुओलिन ने घरेलू बीजिंग ओलिंपिक में ही डेब्यू किया था। तब उनकी उम्र 15 साल थी। उन्होंने बीजिंग 10 मीटर प्लेटफॉर्म और 10 मीटर सिंक्रो प्लेटफॉर्म में गोल्ड मेडल जीता था। फिर लंदन ओलिंपिक में भी इन दोनों इवेंट में गोल्ड पर कब्जा जमाया।

### रियो में एक ही इवेंट में उतरीं

चेन का जन्म जिआंग्सू के नानटोंगमें हुआ था। वह 2016 में हुए रियो ओलिंपिक में सिर्फ सिंग्रो प्लेटफॉर्म इवेंट में ही उतरीं। यहां भी उन्होंने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। उन्होंने 2014 यूथ ओलंपिक में मशाल प्रज्वलित की थी।

### चोट की वजह से लिया संन्यास

अक्टूबर 2016 में 23 साल की उम्र में चेन को संन्यास लेना पड़ा। रियो ओलिंपिक से पहले ही उनके गर्दन में समस्या थी। इसके कारण एक ही इवेंट में क्वालीफाई कर पाई थीं। अगर वह खेलना जारी रखती तो जीवन को भी खतरा हो सकता था।

### सबसे सफल चीनी ओलिंपियन

चेन रुओलिन चीन की सबसे सफल ओलिंपियन में शामिल हैं। वह ओलिंपिक में 5 गोल्ड जीतने वाली टीम की चार खिलाड़ियों में एक हैं। इन चारों में 5वां गोल्ड हासिल करने के समय चेन की उम्र सबसे कम रही।

### वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी 6 गोल्ड

ओलिंपिक में कभी एक भी इवेंट नहीं हारने वालीं चेन के नाम वर्ल्ड चैंपियनशिप में 6 गोल्ड के साथ ही फिना डाइविंग वर्ल्ड कप में 8 गोल्ड हैं। एशियन गेम्स में भी उन्होंने दो गोल्ड जीते हैं।

# चामरी आगामी महिला एशिया कप में श्रीलंका का नेतृत्व करेंगी

**कोलंबो, एजेंसी।** बिग-हिट ऑलराउंडर चामरी अथापथु 19 जुलाई से दांबुला में शुरू होने वाले आगामी महिला एशिया कप में 15 सदस्यीय श्रीलंका टीम का नेतृत्व करेंगी। विकेटकीपर अनुष्का संजीवनी, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज उदेशिका प्रबोधनी और दाएं हाथ की तेज गेंदबाज अचिनी कुलसुरिया, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रीलंका की घरेलू टी20 सीरीज हार का हिस्सा नहीं थीं, मेहमानों के खिलाफ वनडे चरण में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद खुद को टीम में शामिल पाती हैं। टीम में अन्य परिचित नामों में हर्षिता समरविक्रमा, हसिनी परेरा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा के साथ-साथ युवा खिलाड़ी - सलामी बल्लेबाज विशमी गुणरत्ने और बाएं हाथ की कलाई की स्पिनर शशिनी गिम्हानी शामिल हैं। श्रीलंका अपने अभियान की शुरुआत 20 जुलाई को रंगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में ग्रुप बी प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश के खिलाफ करेगा, जिसके बाद उसे क्रमशः 22 और 24 जुलाई को मलेशिया और थाईलैंड का सामना करना पड़ेगा। 2022 में महिला एशिया कप के पिछले संस्करण की उपविजेता श्रीलंका इस बार खिताब जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक के रूप में टूर्नामेंट में जा रही है, जिसने पिछले 12 महीनों में घर से दूर टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका को हराया है। साथ ही बांग्लादेश में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भी अपनी जगह पक्की कर ली है।

# कप्तान रोहित और कोच द्रविड़ के समर्थन ने मुझे प्रेरित रखा: शिवम दुबे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिवम दुबे को यूएसए और कैरेबियन में टी20 विश्व कप 2024 में अपने खराब प्रदर्शन के लिए काफी आलोचना का सामना करना पड़ा। क्रिकेट पंडितों ने उन्हें भारत की बल्लेबाजी लाइनअप की सबसे कमजोर कड़ी तक करार दिया।



हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में, दुबे ने अपनी उपयोगिता साबित की जब भारत 13.3 ओवर के बाद 103-4 पर संकट में था। दबाव में आकर दुबे विराट कोहली से जुड़ गए, जो भी अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने 16 गेंदों में 27 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली, जिसमें तीन छक्के और एक चौका लगाया।

पांचवें विकेट के लिए कोहली के साथ उनकी 57 रन की साझेदारी पारी को स्थिर करने में महत्वपूर्ण रही। बात करते हुए, हार्ड-हिटिंग बल्लेबाज ने संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में अपनी यात्रा साझा की, और कैसे उन्होंने बहुत अधिक गर्मी का सामना करने के बावजूद खुद को शांत रखा।

# भारतीय दल को सर्वश्रेष्ठ सुविधा देने का प्रयास कर रहे, फिर भी हो रही आलोचना : पीटी उषा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में भाग ले रहे खिलाड़ियों को उनकी पसंद का सहयोगी स्टाफ मुहैया कराने के लिए खेल मंत्रालय, आईओए और राष्ट्रीय महासंघों ने मिलकर बहुत अच्छा काम किया। उन्होंने इस शानदार तालमेल पर गौर नहीं करने के लिए आलोचकों को लताड़ भी लगाई।

खेल मंत्रालय ने 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए 117 खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के 140 सदस्यों को मंजूरी दी है। इनमें निजी कोच, मानसिक ट्रेनर और फिजियोथैरेपिस्ट भी शामिल हैं। आईओए विशेष रूप से प्रसिद्ध खेल चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारदीवाला के नेतृत्व में गठित 13 सदस्यीय खेल विज्ञान टीम भी दल के साथ भेज रहा है। उषा ने कहा, 'आईओए में हम एक ऐसे युग में प्रवेश कर चुके हैं, जहां खिलाड़ी हमारी योजना और तैयारियों के केंद्र में हैं। खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के बीच सामान्य 3:1 अनुपात के बजाय



हमने इसे 1:1 अनुपात से थोड़ा बेहतर करने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की हर मांग पूरी करने के प्रयासों के बावजूद कुछ रिपोर्टों में काम की नकारात्मक तस्वीर पेश करना निराशाजनक है। उषा ने कहा, 'खेल मंत्रालय और इसकी इकाइयों, राष्ट्रीय खेल महासंघों और कॉर्पोरेट भागीदारों के साथ मिलकर आईओए ने शानदार टीमवर्क से काम किया है। यह देखकर हैरानी होती है कि कुछ लोगों ने इस तरह के तालमेल को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है।

ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले छह पहलवानों में से एक अंतिम पंघाल कथित तौर पर अपने चार सदस्यीय सहायक स्टाफ के लिए वीजा का इंतजार कर रही हैं, जिससे उनके अभ्यास में बाधा पड़ रही है। उषा ने कहा कि वह सुनिश्चित करेंगी कि खिलाड़ियों के गैर मान्यता प्राप्त सहयोगी स्टाफ के लिए वीजा में और देरी न हो और वह भारत में फ्रांस के दूतावास के साथ अंतिम के कोच भगत सिंह, फिजियोथेरेपिस्ट हीरा और स्पारिंग पार्टनर विकास का मुद्दा उठाएंगी।

डोपिंग के संदेह में

# पोलिश कैनोइस्ट बोरोस्का पेरिस ओलंपिक से चूकेंगी

**वारसॉ, एजेंसी।** पोलिश कैनो फेडरेशन ने कहा है कि डोपिंग रोधी नियमों के कथित उल्लंघन के कारण स्प्रिंट कैनोइस्ट डोरोटा बोरोस्का को 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए पोलैंड की टीम से वापस ले लिया गया है। 28 वर्षीय ने जून में हंगरी के सेज्ड में 2024 ईसीए कैनो स्प्रिंट यूरोपीय चैंपियनशिप में महिलाओं की सी1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।



रिपोर्ट के अनुसार, बोरोस्का को ओलंपिक खेलों में पोलैंड की पदक उम्मीदों में से एक के रूप में देखा गया था। पोलिश कैनो फेडरेशन (पीसीएफ) ने एक बयान में कहा, हम खेल में शुद्धता का समर्थन करते हैं और प्रतिबंधित डोपिंग पदार्थों के उपयोग की कड़ी निंदा करते हैं। हम संबंधित डोपिंग रोधी अधिकारियों के साथ पूर्ण सहयोग की भी घोषणा करते हैं। हालांकि, हम एथलीट के अपराध को पूर्वाग्रह से ग्रस्त नहीं करते हैं और हमारा मानना है कि हर किसी को निष्पक्ष ट्रायल का अधिकार है। जून में बोरोस्का से लिए गए एक नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ पाया गया था।

एथलीट अंतर्राष्ट्रीय कैनो फेडरेशन के फैसले के खिलाफ अपील कर सकता है, जिसने पेरिस 2024 के लिए उसकी योग्यता को निलंबित कर दिया है।

# शिखर धवन बने मोटोजीपी के ब्रांड एंबेसडर

**मुंबई (एजेंसी)।** यूरोस्पोर्ट इंडिया ने भारत में मोटोजीपी के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में भारतीय क्रिकेट आइकन शिखर धवन की नियुक्ति की आज घोषणा की। धवन यूरोस्पोर्ट इंडिया के अभियान, 'फेस कर रेस कर' के जरिए रेसिंग के प्रति अपने जुनून का प्रदर्शन करेंगे। धवन ने कहा, 'प्रतिष्ठित मोटोजीपी के साथ इसके भारत के राजदूत के रूप में साझेदारी करना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत में मोटोजीपी को लेकर बढ़ता उत्साह वास्तव में रोमांचकारी है, और यह मेरे लिए एक पूर्ण-चक्र क्षण जैसा है, खासकर जब मैं अपने गृहनगर, दिल्ली की सड़कों पर अपनी पसंदीदा बाइक की सवारी करने के अपने दिनों को याद करते हुए सोचता हूं। इस जीवंत शहर में जन्मे और पले-बढ़े एक क्रिकेटर के रूप में मेरी यात्रा यूरोस्पोर्ट इंडिया के माध्यम से इस नई भूमिका के साथ एक व्यक्तिगत संबंध जोड़ेगी। 2024 मोटोजीपी सीजन में अब तक 9 रेस हो चुकी हैं। यूरोप, एशिया और डाउन अंडर में 11 और दौड़ें निर्धारित हैं, जिनका समापन दो अगस्त से सिल्वरस्टोन में ब्रिटिशजीपी के साथ होगा।



महिला एशिया कप



# जीत के साथ शुरूआत करना चाहेगी टीम इंडिया, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से पहला मैच

**दाम्बुला (एजेंसी)।** गत चैम्पियन भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशिया कप के पहले मैच में शुक्रवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलेगी और अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिये इस टूर्नामेंट को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हरमनप्रीत की कप्तानी वाली भारतीय टीम का एशिया कप में दबदबा रहा है जिसने चार में से तीन टी20 खिताब और चारों बार 50 ओवरों के प्रारूप में जीत दर्ज की है। महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से 17 मैच जीते हैं। उसने 2022 में फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने इस टूर्नामेंट में 14 मैचों में 11 जीत दर्ज की है और हरमनप्रीत कौर का लक्ष्य इस सिलसिले को आगे बढ़ाने का होगा

इस महीने की शुरूआत में भारत ने दक्षिण अफ्रीका से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि तीन टी20 मैचों में से दूसरा बारिश में धुल गए। पाकिस्तान का मनोबल गिरा हुआ होगा जिसे मई में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया था। भारत के लिए सबसे अच्छी बात स्मृति मंधाना का शानदार फॉर्म है और हाल ही में गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में आठ विकेट लिए जबकि स्पिनर राधा यादव भी कामयाब रही है। स्पिनरों में दीप्ति शर्मा, सजीवन साजना और श्रेयांका पाटिल शामिल है। पाकिस्तान ने एशिया कप के लिए निदा दर को कप्तान बनाए रखा है लेकिन टीम में काफी बदलाव किये गए हैं।

ईरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा आरूब शाह को इस साल पहली बार टीम में जगह मिली है जबकि तस्मिया रूबाब पदार्पण करेंगी। ग्रुप ए में नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात का भी सामना पहले दिन होगा। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। नेपाल 2016 के बाद पहली बार टूर्नामेंट में खेल रहा है जबकि यूएई का यह लगातार दूसरा टूर्नामेंट है।

**टीम भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरूंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयांका पाटिल, संजीवन साजना।

# कलेक्टर के निर्देश पर गेहूं उपार्जन केन्द्र बड़ागांव गोदाम क्रमांक 14 में हुई अनियमितता पर की गई कार्यवाही

## 19 लाख से अधिक की बकाया राशि जमा नहीं कराने पर केन्द्र प्रभारी नारायण सिंह बुन्देला के विरूद्ध एफआईआर के निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार सहायक पंजीयक सहकारी संस्थायें पन्ना द्वारा रबी उपार्जन वर्ष 2024-25 में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बिरवाही द्वारा संचालित गेहूं उपार्जन केन्द्र बड़ागांव गोदाम क्रमांक 14 में हुई अनियमितता पर कार्यवाही की गई है। इस संबंध में प्राप्त शिकायत की जांच कराई गई थी। सत्यापन के दौरान केन्द्र पर 996.50 क्विंटल गेहूं नहीं पाया गया। वस्तुस्थिति के संबंध में जानकारी के लिए केन्द्र प्रभारी नारायण सिंह बुन्देला को समक्ष में सुनवाई को अवसर प्रदान कर भण्डारण के लिए शेष उपार्जित गेहूं की समर्थन मूल्य और बोनस राशि मिलाकर आकलित कुल राशि 23 लाख 91 हजार 600 रूपए जमा कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन केन्द्र प्रभारी द्वारा कुल 4 लाख 90 हजार 800 रूपए शेष राशि ही जमा कराई गई, जबकि अनियमितता के बावजूद बकाया शेष राशि 19 लाख 800 रूपए जमा नहीं कराने एवं जांच में दोषी पाए जाने पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पन्ना द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के आधार पर सहायक पंजीयक द्वारा बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सकारी समिति मर्यादित बिरवाही के समिति प्रबंधक को कार्यवाही के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। बताया गया है कि समिति द्वारा उपार्जन के लिए नारायण सिंह बुन्देला को खरीदी केन्द्र प्रभारी के साथ सर्वेयर के दायित्व के लिए भी अधिकृत किया गया था। शिकायत के आधार पर गत 20 जून को जांच प्रतिवेदन प्रेषित किया गया, जिसके तहत उपार्जन केन्द्र द्वारा 25 हजार 288 क्विंटल गेहूं की खरीदी के उपरांत संपूर्ण मात्रा का उपार्जन संस्था द्वारा रेडी टू ट्रांसपोर्ट किया गया और भण्डारण केन्द्र को 24070.50 क्विंटल गेहूं भेजा गया। इस आधार पर उपार्जन एजेंसी म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन पन्ना द्वारा स्वीकृति की कार्यवाही की गई और 1217.50 क्विंटल केन्द्र पर शेष जमा होना बकाया पाया गया। भौतिक सत्यापन के दौरान केन्द्र पर मात्र 221 क्विंटल गेहूं की मात्रा पाई गई। शेष 996.50 क्विंटल गेहूं भण्डारण के लिए शेष पाया गया। समर्थन मूल्य और बोनस राशि जोड़कर भण्डारण के लिए शेष गेहूं की कीमत 23 लाख 91 हजार 600 रूपए आंकलित की गई। जिला कलेक्टर के निर्देश पर सहायक पंजीयक द्वारा आवश्यक कार्यवाही के फलस्वरूप उपार्जन केन्द्र प्रभारी द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा देवेन्द्रनगर में गत 2 जुलाई को 3 लाख 49 हजार 200 रूपए और 8 जुलाई को 1 लाख 41 हजार 600 रूपए कुल राशि 4 लाख 90 हजार 800 रूपए जमा कराई गई। इस क्रम में सहायक पंजीयक कार्यालय द्वारा केन्द्र प्रभारी श्री बुन्देला के विरूद्ध निर्धारित बकाया राशि वसूली के संबंध में म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 के अंतर्गत धारा 64 का प्रकरण सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत कर संबंधित पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कर्मचारी सेवा नियम के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही कर अवगत कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## अब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को भी मिलेगा आयुष्मान भारत योजना का लाभ

**पन्ना।** सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा तथा उषा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाइजर, कोटवार एवं संविदाकर्मियों को भी अब आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलेगा। इस संबंध में महिला बाल विकास, राजस्व, सामान्य प्रशासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को पात्र हितग्राहियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

जिन परिवारों में कोई भी सदस्य पिछले तीन साल में किसी भी साल का आयकरदाता हो, जिसका कोई भी सदस्य किसी अन्य शासकीय योजना से निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ ले रहा हो, जिसका कोई भी सदस्य सरकारी कर्मचारी होने के साथ साथ राज्य शासन या केंद्र शासन की किसी और योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य निःशुल्क सुविधा ले रहा हो, को योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

# पांच जु-जित्सु खिलाड़ी वेस्ट जोन जु-जित्सु प्रतियोगिता में लेंगे भाग



**पन्ना।** फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना और जिला जु-जित्सु संघ पन्ना के पांच खिलाड़ी 19 से 21 जुलाई 2024 तक मध्य प्रदेश के देवास जिले में आयोजित होने वाली वेस्ट जोन जु-जित्सु प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता 7 राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, गोवा, छत्तीसगढ़, दमन और दीव और मध्य प्रदेश के 1000 से अधिक जु-जित्सु मार्शल आर्ट खिलाड़ियों को एक मंच पर लाएगी। प्रतियोगिता में पन्ना जिले का प्रतिनिधित्व हर्षिता विश्वकर्मा, रीनादेवी लोध, पीयूष विश्वकर्मा, अर्थव गौतम एवं अनिकेत श्रीवास्तव द्वारा किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के अलावा, इरफान खान (69 किग्रा वर्ग), हर्षिता विश्वकर्मा (45 किग्रा वर्ग) पीयूष विश्वकर्मा (52 किग्रा वर्ग) एवं अनिकेत श्रीवास्तव (56 किग्रा वर्ग) को भी साउथ एशियन जु-जित्सु प्रतियोगिता के ट्राल हेतु चुना गया है। ट्राल में बेहतर प्रर्दशन से इन खिलाडियों को देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा। जिले के इन खिलाड़ियों के लिए पहलवान सिंह (संरक्षक, फिटनिस ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना), नईम खान (संचालक, चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना), सैफ उल्ला (संचालक, पन्ना हेल्थ क्लब), लॉरेंस एट्स (अध्यक्ष, जिला जु-जित्सु संघ पन्ना), विजेन्द्र खरसोदिया (अध्यक्ष, मध्य प्रदेश जु-जित्सु संघ), रोहिणी कलम (सचिव, मध्य प्रदेश जु-जित्सु संघ), राजेश मिश्रा (जिला क्रीड़ा अधिकारी, पन्ना), राजेन्द्र कोष्ठा (जिला अधिकारी, खेल एवं युवक कल्याण विभाग, पन्ना), अमित गुप्ता (संचालक, गुरुकुल एकेडमी अजयगढ़) और मनोज गुप्ता केसरवार (समाजसेवी) ने अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की हैं। यह पन्ना जिले और मध्य प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि इन युवा खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त किया है।

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना स्वरोजगार स्थापित करने के लिए शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना में 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने के लिए रिटेल ट्रेड एवं सेवा क्षेत्र की परियोजना हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इच्छुक आवेदक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र पन्ना में संपर्क कर 50 हजार से 25 लाख रूपए तक तथा विनिर्माण श्रेणी की इकाई स्थापना के तहत 50 हजार से 50 लाख रूपए तक का ऋण बैंकों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। योजनांतर्गत तीन प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज अनुदान सात वर्ष के लिए तथा प्रचलित दर से गारंटी शुल्क भी शासन द्वारा देय है। न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण एवं स्वयं का व्यापार, व्यवसाय, उद्योग या सेवा क्षेत्र की इकाई प्रारंभ करने के इच्छुक आवेदक योजना के लाभ के लिए पात्र हैं। आवेदक के पास पैन कार्ड, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, 8वीं कक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची, कोटेशन, जाति प्रमाण पत्र, परियोजना प्रतिवेदन, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र इत्यादि होना आवश्यक है। महाप्रबंधक उद्योग राहुल दुबे ने बताया कि व्यापार व व्यवसाय क्षेत्र में किराना, जनरल स्टोर, मोबाइल शॉप, ऐपरेल शॉप, फुटवियर शॉप, इलेक्ट्रॉनिक, बुटिक, दुग्ध व्यवसाय, खाद्य पदार्थ विक्रय, अनाज विक्रय, सब्जी व्यवसाय इत्यादि के लिए आवेदन किया जा सकता है। इसी तरह सेवा क्षेत्र में कस्टम हायरिंग, परिवहन सेवा, रेस्टोरेंट, आईटी सर्विसेज, कंसलटेंसी, होटल, लैब, हॉस्टल, कॉलेज, स्कूल, नर्सरी, फोटोकॉपी, कम्प्यूटर सेंटर, टेलरिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, ऑटोमोबाइल, रिपेयरिंग व सर्विसिंग, ऐपरेल डिजाईनिंग, आर्किटेक्ट सेवा, सेटरिंग कार्य, टेन्ट हाउस, ब्यूटी पार्लर, डेयरी, जूता मरम्मत, सभी प्रकार की गाड़ियां छोटी एवं बड़ी इत्यादि के लिए तथा विनिर्माण व उद्योग क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण, टेक्सटाइल, मसाला उद्योग, इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल उपकरण, आईटी उपकरण, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल एप्लायनसेंस, पेय पदार्थ व बेवरेज, पैकेज्ड फूड, रेडिमेड वस्त्र निर्माण इत्यादि परियोजनाओं के लिया आवेदन किया जा सकेगा।

## पूरक पोषण आहार व्यवस्था के लिए निविदा आमंत्रित

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पन्ना जिला अंतर्गत संचालित 6 बाल विकास परियोजना कार्यालय के गोदाम से आंगनबाड़ी केन्द्रों तक पूरक पोषण आहार (टेक होम राशन) परिवहन व्यवस्था के लिए किराए पर वाहन लिया जाना है। इसके लिए पोषण आहार परिवहनकर्ताओं एवं वाहन मालिकों से आगामी एक अगस्त को शाम 4 बजे तक एमपी ई-टेण्डर की वेबसाइट पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई है। निर्धारित शर्त, प्रारूप और संबंधित समस्त जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिला स्तरीय समिति के समक्ष 6 अगस्त को निविदा खोली जाएगी। परिवहन की दर 150 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। वर्तमान में जिले में 6 परियोजना अंतर्गत कुल 1492 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित है। इनमें 1238 आंगनबाड़ी केन्द्र और 254 मिनी आंगनबाड़ी केन्द्र है।

# डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण में स्थानीय युवा करा सकेंगे पंजीयन, मिलेगा जरूरी प्रशिक्षण

**पन्ना।** आयुक्त भू अभिलेख कार्यालय द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण के संबंध में स्थानीय युवाओं के चिन्हांकन के लिए निर्देश जारी किए गए हैं। खरीफ मौसम 2024 में सर्वेक्षण के तहत आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की जाना है। सर्वेक्षण कार्य के लिए स्थानीय युवा अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके लिए मास्टर ट्रेनर, राजस्व निरीक्षक और पटवारी द्वारा जरूरी प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। बताया गया है कि कक्षा 8वीं उत्तीर्ण और 18 से 40 वर्ष के स्थानीय युवा मध्यप्रदेश भू लेख पोर्टल पर पंजीयन के लिए पात्र हैं। इसके लिए इंटरनेट सुविधा के साथ एण्ड्राइड वर्जन 6 प्लस मोबाइल फोन होना आवश्यक है।

पंजीकृत युवाओं का चयन व ग्राम का आवंटन एग्रीस्टेक परियोजना के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा के लिए गठित तहसील स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा। इस समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अध्यक्ष व तहसीलदार सदस्य-सचिव होंगे, जबकि बतौर सदस्य वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, वरिष्ठ उद्यानिकी विकास अधिकारी और सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधक को शामिल किया जाएगा। चयन में ग्राम के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उपयुक्त युवा नहीं मिलने पर ग्राम पंचायत में निवासरत युवाओं को प्राथमिकता मिलेगी। इसके बावजूद भी युवा उपलब्ध न होने पर निकटतम ग्राम पंचायत से युवाओं का चयन किया जा सकेगा। स्थानीय युवाओं के चयन में महिलाओ को प्राथमिकता दी जा सकेगी। डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण कार्य की समीक्षा जिला स्तरीय समिति द्वारा की जाएगी। इस समिति में जिला कलेक्टर अध्यक्ष और अधीक्षक भू अभिलेख सदस्य-सचिव होंगे, जबकि बतौर सदस्य जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख, उप संचालक कृषि, उप संचालक उद्यानिकी, जिला खाद्य अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी और जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक को शामिल किया जाएगा।

# आउटसोर्स कंपनी के सुपरवाइजर के घर पकड़ी गई बिजली की चोरी

**सतना।** शहर संभाग में बिजली कंपनी को आउटसोर्स कर्मचारियों को उपलब्ध कराने वाली प्राइम वन कंपनी के सुपरवाइजर राहुल सिंह परिहार निवासी अमौधाकला विटस कॉलेज के पीछे बने मकान में बिना कनेक्शन के बिजली की चोरी करते हुए पकड़े गए।

आरईएस के जेई पवन अहिरवार ने टीम के साथ चेकिंग की तो 4.77 किलो वाट की लोड़ की लगभग 4691 यूनिट की रिकवरी 85 हजार 779 रुपए की निकाली है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब आउटसोर्स कम्पनी का सुपरवाइजर ही बिजली चोरी करते है तो उनके द्वारा रखे गए आउटसोर्स कर्मी कितने ईमानदार होंगे?

बिजली कंपनी के सूत्रों ने बताया कि पिछले कई सालों से बिजली की चोरी कर रहे थे। इन पर आरोप भी है कि ये बिजली कंपनी में भर्ती करने के लिए आउटसोर्स कर्मचारियों से पैसा लेकर काम पर रखते थे।

जेई पवन अहिरवार ने टीम के साथ नीता सिंह निवासी अमौधाकला विटस कॉलेज के पीछे फार्म हाउस में कनेक्शन की जांच करने पर पाया गया कि 1 किलोवाट का कनेक्शन में 3.37 किलो वाट का लोड पाया गया, जिन पर 32 हजार 243 रुपए की रिकवरी निकाली है।

# राजस्व महाभियान 2.0 आज से 31 अगस्त तक चलेगा महाअभियान

पन्ना

किसानों की सुविधा और लंबित राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के लिये 18 जुलाई से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। किसानों और आमजन की सहूलियत के लिये पटवारी और मैदानी अमला मुख्यालय पर रहकर दायित्वों का निर्वहन करेंगे। अभियान्तर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण भी किया जायेगा। अभियान में अविवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 30 दिन में, विवादित नामांतरण प्रकरणों का निराकरण 150 दिन में किया जायेगा। बंटवारा प्रकरणों के निराकरण की समय-सीमा 90 दिन है और सीमांकन प्रकरणों को 45 दिन में निराकृत करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही नक्शे में तरमीम का कार्य सतत् जारी रहेगा। राजस्व महाअभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। राजस्व महाअभियान 2.0 में 30 जून 2024 की स्थिति में लंबित नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरूस्ती और सीमांकन के प्रकरणों में निराकरण का लक्ष्य रखा गया है।

## अभियान में होगा डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण

राजस्व महाअभियान में एक अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक फसलों का डिजिटल (क्रॉप) सर्वेक्षण किया जायेगा। किसानों के खेत पर जाकर फसल का फोटो खींचकर जानकारी अद्यतन करने के लिये युवाओं का चयन किया जाएगा। चयनित युवाओं को 25 जुलाई तक प्रशिक्षित किया जायेगा। राजस्व महाअभियान में आरसीएमएस पोर्टल पर प्रकरण दर्ज करने और पूर्व आदेशों के अनुसार खसरों और नक्शे में अमल सुनिश्चित किया जाएगा। राजस्व महाअभियान में निःशुल्क समग्र ई-केवायसी और समग्र से खसरे की लिंकेज की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही स्वामित्व योजना में आबादी भूमि के सर्वेक्षण की कार्रवाई पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की गई है। राजस्व महाअभियान में संभागायुक्त, कलेक्टर, अपर कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार मैदानी क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और राजस्व महाअभियान में की जा रही कार्रवाई की मॉनीटरिंग करेंगे।

# कलेक्टर के निर्देश पर स्कूल वाहनों का किया निरीक्षण

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय की टीम द्वारा पन्ना, अजयगढ़ एवं गुनौर में संचालित स्कूल के वाहनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुछ बसों में कमियां पाए जाने पर संबंधित स्कूल संचालकों को कमियां दुरूस्त कराने के लिए निर्देशित किया गया है। इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के परिपालन में वाहनों का संचालन करना सुनिश्चित किया जाए। वाहनों में लायसेंसधारी चालक के साथ ही वाहन का वैध फिटनेस, परमिट, बीमा, अग्निशामक यंत्र, दो दरवाजे, व्ही.एल.टी.डी, फर्स्ट एड बॉक्स, साइड में ग्रिल, वाहन सहायक/सहायिका होना जरूरी है। साथ ही वाहन में स्कूल का नाम, मोबाइल नंबर, हेल्पलाइन नंबर भी अंकित होना चाहिए अन्यथा नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाएगी।

## जनसुनवाई में हुआ समस्याओं का निराकरण

**पन्ना।** मंगलवार को प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर संपन्न हुई जनसुनवाई में पहुंचे आवेदकों की समस्याओं का बड़ी संख्या में तत्परतापूर्वक निराकरण सुनिश्चित किया गया। आज जनपद पंचायत गुनौर की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्रामवासियों से प्राप्त 259 आवेदनों में से 238 का तथा अजयगढ़ विकासखण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों में प्राप्त 201 आवेदनों में से 158 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इसी तरह शेष तीन विकासखण्ड की समस्त ग्राम पंचायतों की जनसुनवाई में भी उपस्थित कर्मचारियों द्वारा समस्याओं के निराकरण की तत्परतापूर्वक आवश्यक कार्यवाही की गई है।

## अपहरण-दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** रामनगर पुलिस ने नाबालिग को अगवा कर बंधक बनाने और रेप करने के आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। पुलिस ने बताया कि दिसंबर 2023 में 16 वर्षीय लडकी रहस्यमय ढंग से लापता हो गई, जिसके परिजन की रिपोर्ट पर धारा 363 का अपराध दर्ज कर खोजबीन शुरू की गई।

लगभग 7 महीने की तलाश के बाद जनवरी 2024 के पहले सप्ताह में मुखबिर की सूचना पर नाबालिग को मैहर से खोज निकाला गया।

कोर्ट में बयान दर्ज कराते हुए नाबालिग ने मनकहरी निवासी रजनीश पुत्र जियालाल साकेत 28 वर्ष, के द्वारा बहला-फुसलाकर गांव से भगाकर पुणे ले जाने और बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का खुलासा किया। पीड़िता के लगातार विरोध करने पर आरोपी उसे ट्रेन से मैहर लाया और स्टेशन में छोडक़र भाग गया।

इस बयान पर धारा 363 में 366, 376, 376(2) (एन) और पॉक्सो एक्ट की धाराओं का इजाफा किया गया। इसी के साथ आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए गए, जिसे बुधवार सुबह पकड़ लिया गया। पूछताछ के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# शहडोल संभाग में फर्जी चिकित्सकों के विरूद्ध करें सख्त कार्यवाही : कमिश्नर

## अमानक खाद और बीज विक्रेताओं के विरूद्ध करें सख्त कार्यवाही : कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने शहडोल संभाग में फर्जी चिकित्सकों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने निर्देशित करते हुए कहा है कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में फर्जी चिकित्सक लोगों का उपचार कर रहे हैं तथा लोगों से मनमाने तौर पर फीस की वसूली कर रहे हैं। कमिश्नर ने कहा है कि ऐसे सभी फर्जी चिकित्सों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करें। कमिश्नर ने सभी मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे सभी फर्जी चिकित्सों के नाम सूचीबद्ध कर कार्यवाही करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि शहडोल संभाग के दगना संभावित अड़तीस गांवों में महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अधिकारी कर्मचारी विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन करेंगे तथा दगना की घटनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करेंगे। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि इन विशेष शिविरों में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, एवं पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर दगना के प्रति लोगों को जागरूक करेंगें। कमिश्नर ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि भी वह समय समय पर दगना प्रथा को समाप्त करने वाले इन विशेष शिविरों में उपस्थित होकर लोगो को दगना जैसी प्रथा को समाप्त करने के लिए जागरूक करेंगें। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने उक्त निर्देश आज विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं



महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने शहडोल संभाग के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह एवं उनका मैदानी अमला सजगता के साथ कार्य करें, बरसात के मौसम में होने वाली मौसमी बीमारियों पर विशेष निगाह रखें तथा ग्रामीण क्षेत्रों में उल्टी दस्त होने की खबरें मिलने पर तत्काल ऐसे क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीम भेजकर प्रभावित लोगों को बेहतर से बेहतर उपचार मुहैया कराएं। बैठक में कमिश्नर ने पशु टीकाकरण कार्यक्रम की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि शहडोल संभाग में पशु टीकाकरण का कार्य 31 जुलाई तक पूर्ण कराएं। शहडोल संभाग में पशुओं को सभी टीके लगाना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर ने मैदानी पशु चिकित्सको को निर्देश दिए हैं कि वे बरसात के मौसम में पशु धन को होने वाली बीमारियों की सतत रूप से निगरानी रखें।

बैठक में कमिश्नर ने खाद बीज वितरण कार्यक्रम की जिलेवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में नकली खाद बीज और अमानक स्तर के खाद बीज बेचने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि नकली खाद बीज की किसानों से शिकायत मिलने पर किसानों की शिकायत को अति गंभीरता से लें तथा नकली खाद बीज बेचने वालों के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें। बैठक मे कमिश्नर ने विद्युत वितरण व्यवस्था, जनमन योजना, पौधरोपण कार्यक्रम एवं सहकारिता विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की।

बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिशा पाण्डेय, मुख्य अभियंता विद्युत वितरण कंपनी श्री शिशिर श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री जल संसाधन श्री आरपी सिंह, संयुक्त संचालक कृषि श्री जेएस पेंद्राम,उपायुक्त सहकारिता सुरेखा आनन्द, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा श्री सुनील परमार, उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग श्रीमती ऊषा सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शहडोल डॉ एके लाल, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने मनगवां में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक से पूर्व आमजनों की समस्यायें सुनी। उपस्थित जनों ने कलेक्टर को अपनी समस्यायें बताई जिस पर उन्होंने निराकरण के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया।



## राजस्व महाअभियान 2.0 का हुआ शुभारंभ

### राजस्व प्रकरणों का निराकरण और अभिलेख शुद्धिकरण का कार्य समय सीमा में करें : कलेक्टर

**रीवा।** भू-स्वामियों के हित में त्वरित और आसान सेवाएँ देने के उद्देश्य से राजस्व महाअभियान 2.0 का आज शुभारंभ हुआ। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल में त्योंथर एवं मनगवां में राजस्व अधिकारियों एवं पटवारियों की बैठक में अभियान की कार्ययोजना एवं राजस्व प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की पटवारी हल्कावार समीक्षा की। त्योंथर में त्योंथर एवं जवा तथा मनगवां में मनगवां एवं रायपुर कर्चुलियान तहसील के अधिकारियों व पटवारियों की बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि राजस्व प्रकरणों का निराकरण एवं अभिलेख शुद्धिकरण का कार्य समय सीमा में करते हुए लंबित नामांतरण, बंटवारा का शत-प्रतिशत निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि



पटवारी हल्के में तीन दिन का शिविर लगाकर नक्शा तरमीम, रिकार्ड शुद्धिकरण, पीएम किसान के छूटे हुए हितग्राहियों का ईकेवायसी लिकिंग व समग्र में जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी 28 जुलाई तक राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण करें अन्यथा पटवारियों के विरूद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि त्योंथर, जवा, मनगवां व रायपुर कर्चुलियान की कम प्रगति से राजस्व प्रकरणों के निराकरण में रीवा जिला प्रदेश में निचले स्थान पर है। पटवारी हल्कावार आगामी 29 जुलाई को समीक्षा होगी इससे पूर्व प्रगति लायें। उन्होंने कहा कि राजस्व अभियान के संचालन तक राजस्व विभाग में अवकाश प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने ग्राम सभा में बी-1 का वाचन करने तथा स्वामित्व के प्रकरणों का सर्वेक्षण करने की भी बात कही। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को अपने अनुभाग में राजस्व प्रकरणों में शत-प्रतिशत निराकरण की मानीटरिंग के निर्देश दिये। इस अवसर पर बताया गया कि अनुभाग मुख्यालय में कंट्रोल रूम बनाया जा रहा है जहां से पटवारियों द्वारा की गई कार्यवाही की मानीटरिंग की जायेगी। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि कम प्रगति वाले पटवारियों को वेतन रोका जायेगा। वह एक सप्ताह में अपेक्षित प्रगति लाये। उन्होंने नवनियुक्त पटवारियों को राजस्व कार्यों को सीखने तथा वरिष्ठ पटवारियों के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में कम वाले पटवारियों के एक सप्ताह के वेतन रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने तहसील जवा के उमेश कुमार वर्मा, अगम सिंह, रामरतन पाण्डेय, संदीप नारायण पाण्डेय, हीरालाल कोल, धीरेन्द्र कुमार प्रजापति, इन्द्रभान रावत, उमेश कुमार वर्मा, देवेन्द्र चौधरी, रजनीश कुमार गौतम तथा त्योंथर तहसील के अनंत प्रताप सिंह, अच्छेलाल साकेत, अमरीश कुमार तिवारी, राजभान दिपांकर, शैलेन्द्र कुमार मिश्रा, मायालाल वर्मा, सुरेन्द्र सिंह, रामाधार मिश्रा तथा रावेन्द्र साकेत का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

## कलेक्टर आज करेंगी राजस्व अभियान की तैयारियों की समीक्षा

**रीवा।** प्रदेश के साथ-साथ रीवा जिले में भी 18 अगस्त से 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत राजस्व प्रकरणों का निराकरण, खसरे में सुधार, नक्शा तरमीम, किसान सम्मान निधि के आवेदनों में ई केवाईसी एवं आधार से लिंकिंग तथा फार्मर रजिस्ट्री आदि के कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 19 जुलाई को कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में प्रात: 11 बजे से आयोजित बैठक में गुढ़ एवं रीवा तहसीलों में राजस्व महाअभियान के तैयारियों की समीक्षा करेंगी। कलेक्टर दोपहर बाद 3 बजे से मोहन सभागार में ही सेमरिया एवं सिरमौर तहसीलों में अभियान के तैयारियों की समीक्षा करेंगी। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सभी संबंधित एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## कलेक्टर ने तहसील कार्यालय त्योंथर एवं मनगवां का किया निरीक्षण

**रीवा।** राजस्व महाअभियान 2.0 के शुभारंभ के उपरांत कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने तहसील त्योंथर का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व न्यायालय में प्रकरणों का अवलोकन किया तथा आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों का ऑनलाइन अवलोकन कर प्रकरणों की अद्यतन स्थिति देखी। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान समय सीमा से प्रकरणों के बाहर होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिये कि पटवारी सभी प्रकरणों में 15 दिवस से पूर्व प्रतिवेदन दें ताकि इनके निराकरण में विलंब न हो और प्रकरण समय सीमा में निराकृत करें। उन्होंने प्रकरण समाप्त होने के उपरांत इस्तलाबी दर्ज कराने के निर्देश दिये। न्यायालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राजस्व



अधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालय में अनिवार्यत: बैठें तथा प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने दायरा पंजी संधारित करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने मनगवां में राजस्व अधिकारियों की बैठक के उपरांत तहसील कार्यालय मनगवां का निरीक्षण तथा न्यायालीयन प्रकरणों का अवलोकन किया तथा आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संजय जैन, एसडीएम पीएस त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले उपस्थित रहे।

## मऊगंज जिले में वेटलैण्ड संरक्षण समिति गठित

रीवा

शासन के आदेश के अनुसार मऊगंज जिले में जिला स्तरीय वेटलैण्ड संरक्षण समिति गठित की गई है। समिति का अध्यक्ष कलेक्टर अजय श्रीवास्तव को बनाया गया है। समिति के लिए ग्रामीण क्षेत्र के सदस्य सचिव जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय क्षेत्र के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी मऊगंज को बनाया गया है। समिति में सदस्य के रूप में वन मण्डलाधिकारी, अधीक्षक भू अभिलेख, जिला भू बंदोबस्त अधिकारी, कार्यपालन यंत्री पीएचई, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन तथा उप संचालक नगर एवं ग्राम निवेश को शामिल किया गया है। समिति में उप संचालक कृषि, सहायक संचालक मछली पालन, क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मण्डल तथा विभागाध्यक्ष सिविल इंजीनियरिंग कालेज रीवा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समिति में नामांकित सदस्य के रूप में डॉ मुकेश येंगल तथा सहायक प्राध्यापक प्राफेसर सुजान सिंह लोधी को शामिल किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार जिला वेटलैण्ड संरक्षण समिति का गठन पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत किया गया है। समिति राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण के प्रति उत्तरदायी होगी। समिति का मुख्य कार्य जिला स्तर पर तालाबों के समग्र संरक्षण और प्रबंधन में सहयोग करने का है। जिला स्तरीय समिति चिन्हित किसी भी तालाब के लिए संक्षिप्त प्रतिवेदन तैयार करेगी। जिले के तालाबों का डाटाबेस तैयार करने का कार्य भी समिति द्वारा किया जाएगा। तालाबों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विभिन्न विभागों तथा अन्य संगठनों से समन्वय बनाकर समिति तालाबों का संरक्षण कराएगी। पर्यावरण संरक्षण एवं तालाबों के संरक्षण के लिए समिति द्वारा जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

## सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए जनपद पंचायत त्योंथर में रोजगार मेले का आयोजन आज

**रीवा।** एसआईएस द्वारा जिले के सभी जनपद मुख्यालयों में सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। सुरक्षा कर्मी, सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी के पद हेतु इच्छुक बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण के उपरांत संस्था द्वारा स्थाई रोजगार से जोड़ा जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि जनपद पंचायत त्योंथर में 19 जुलाई को सुरक्षा गार्ड भर्ती के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा।

## कृषि विभाग की आत्मा परियोजना की समीक्षा बैठक संपन्न

**रीवा।** कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में कृषि विभाग की आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए प्राप्त वार्षिक लक्ष्यों के विकासखण्डवार निर्धारण को मंजूरी दी गई। बैठक में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि गत वर्ष बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 35 किसानों को जिला स्तरीय एवं विकासखण्ड स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए गए। परियोजना के नवाचार के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र के मार्गदर्शन में जिले के 9 विकासखण्डों में 450 किसानों को नैनो डीएपी का निश्शुल्क वितरण किया गया। फसल विविधीकरण के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। जिले में वर्ष 2022-23 में दलहन-तिलहन का क्षेत्रफल 58 हजार हेक्टेयर तथा मोटे अनाजों का क्षेत्रफल 8680 हेक्टेयर था। वर्ष 2023-24 में दलहन-तिलहन का क्षेत्रफल बढ़कर 80 हजार 80 हेक्टेयर तथा मोटे अनाजों का क्षेत्रफल बढ़कर 9690 हेक्टेयर हो गया। जिले के चुने हुए प्रत्येक विकासखण्ड के 20-20 किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी का भ्रमण कराकर कोदौ की खेती प्रशिक्षण दिया गया।

बैठक में उप संचालक ने आत्मा परियोजना के कार्यों तथा विकासखण्डवार निर्धारित प्रशिक्षण, कृषक भ्रमण तथा अन्य बिन्दुओं की जानकारी दी। बैठक में कृषि वैज्ञानिक डॉ संजय सिंह ने कहा कि जिले में अभी तक गहरी वर्षा न होने से किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे हैं। हल्की वर्षा से खेतों में पर्याप्त नमी आ गई है। किसान सीडड्रिल से से खेत में कतार से कतार में धान, मूंग, उड़द, मक्का आदि की बुवाई करें। साथ ही इनमें खरपतवार नाशक दवाओं का उपयोग अवश्य करें। कोदौ की रीवा में विकसित की गई जेके 137 किस्म का उपयोग करके अच्छा उत्पादन लिया जा सकता है। कृषि वैज्ञानिक डॉ आरपी जोशी ने कहा कि स्वीटकॉर्न की खेती बहुत लाभदायक है। यह केवल 60 से 70 दिनों की फसल है। पहली बारिश में इसकी बोनी के बाद दो माह में फसल मिल जाती है। एक पौधे में दो भुट्टे मिलते हैं। इसकी बाजार में बहुत अधिक माँग है। भुट्टे निकालने के बाद शेष पौधा पशुओं के लिए प्रोटीन का सबसे अच्छा स्त्रोत है। इसमें दालों से भी डेढ़ गुना अधिक प्रोटीन पाया जाता है। दुधारू पशुओं के लिए यह बहुत अधिक लाभदायक है। बैठक में सहायक संचालक उद्यानिकी योगेश पाठक ने उद्यानिकी फसलों, मसाले की खेती तथा सुंदरजा आम की खेती के संबंध में जानकारी दी। बैठक में गवर्निंग बोर्ड के सदस्यगण उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने त्योंथर एवं मनगवां में किया वृक्षारोपण

**रीवा।**



कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सोहागी पीजी कॉलेज परिसर तथा शासकीय महाविद्यालय मनगवां के परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों ने भी वृक्षारोपण किया।

## मऊगंज जिले में दिया जाएगा जन्म-मृत्यु पंजीयन का प्रशिक्षण

**रीवा।** जन्म और मृत्यु के पंजीयन के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा संचालित पोर्टल पर जन्म-मृत्यु का पंजीयन किया जा रहा है। पोर्टल के संचालन तथा पंजीयन में आ रही तकनीकी कठिनाईयों को दूर करने के लिए मऊगंज जिले में जन्म-मृत्यु पंजीयन का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में संयुक्त संचालक योजना एवं सांख्यिकी ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रशिक्षण दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत सचिव, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के जन्म-मृत्यु पंजीयन रजिस्ट्रार शामिल होंगे। विकासखण्ड मऊगंज में 22 जुलाई, विकासखण्ड नईगढ़ी में 23 जुलाई तथा विकासखण्ड हनुमना में 24 जुलाई को प्रशिक्षण जनपद पंचायत कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबंधितों को प्रशिक्षण की सूचना देने के साथ प्रशिक्षण के लिए आवश्यक प्रबंध करें ।

## विधायक देवतालाब आज रघुराजगढ़ में करेंगे पौधे रोपित

**रीवा।** रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण का महाअभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम 19 जुलाई को रघुराजगढ़ में पौधे रोपित करेंगे। वृक्षारोपण का कार्यक्रम शाम 4 बजे आरंभ होगा। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय सिंह ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामवासियों से समारोह में शामिल होकर वृक्षारोपण महाअभियान में सहयोग देने की अपील की है।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान में जगह-जगह रोपे जा रहे पौधे

**रीवा।** जिले भर में वृक्षारोपण के लिए एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में समारोह पूर्वक पौधे रोपित किये जा रहे हैं। इस संबंध में अभियान के नोडल



अधिकारी तथा जिला समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक ने बताया कि अभियान के तहत ग्राम पंचायत नवागांव में नवांकुर संस्था भारत माता ग्राम स्वराज मंडल समिति के सदस्यों ने वृक्षारोपण किया। समिति के सदस्यों ने शिव मंदिर के पास पौधे रोपित किये। इस कार्यक्रम में समाजसेवी पुरूषोत्तम सिंह, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह सेंगर, मोतीलाल प्रजापति तथा नवांकुर संस्था के अध्यक्ष रमाशंकर त्रिपाठी ने अपनी सहयोगियों के साथ पौधे रोपित किये। एक पेड़ माँ के नाम अभियान में संस्था डॉ. रामसुजान सिंह स्मृति समिति के सदस्यों ने हमार बिरवा के रूप में प्राथमिक विद्यालय मढ़ा और खैर में पौधे रोपित किये। अन्य शिक्षण संस्थाओं में भी वृक्षारोपण का अभियान चलाया जा रहा है।

## महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक संपन्न



**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने शिशुओं तथा महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा एवं विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके परिपालन में सतना में दोनो विभागों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस संबंध में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती ऊषा सिंह सोलंकी ने बताया कि बैठक में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, शिशुओ तथा महिलाओं के टीकाकरण एवं वर्षा जनित रोगों से बचाव के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। बैठक में दस्तक अभियान के दौरान चिन्हित कम पोषित एवं बीमार बच्चों की उचित देखभाल तथा उपचार के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में पोषण आहार के वितरण, आंगनवाड़ी केन्द्रों में दवाओं की उपलब्धता, शिशुओं का पोषण स्तर बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों एवं पोषण पुनर्वास केन्द्रों के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में उप संचालक स्वास्थ्य डॉ डीपी अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सौरभ सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी, सभी परियोजना अधिकारी, बीएमओ तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मऊगंज में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक 24 जुलाई को

**रीवा।** मऊगंज में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी बैठक 24 जुलाई को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर अजय श्रीवास्तव स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## कलेक्टर ने मनगवां में आम लोगों की समस्यायें सुनीं

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मनगवां में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक से पूर्व आमजनों की समस्यायें सुनी। उपस्थित जनों ने कलेक्टर को अपनी समस्यायें बताई जिस पर उन्होंने निराकरण के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया।

## मोटा अनाज के उत्पादन और विपणन से एफपीओ को मिलेगा लाभ

रीवा

कलेक्ट्रेट सभागार में जिले भर में पंजीकृत किसान उत्पादक संघों एफपीओ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नाबार्ड के जिला समन्वयक ने कहा कि एफपीओ का गठन खेती को संगठित करने के लिए किया गया है। एफपीओ से जुड़कर किसान अपनी खेती को बेहतर करें। वर्तमान में मोटा अनाज यानी श्री अन्न की अच्छी माँग है। रीवा जिले में कोदौ, कुटकी और मक्का के उत्पादन के लिए मिट्टी और मौसम अनुकूल है। कोदौ की प्रोसेसिंग के लिए रीवा में एक बड़ी इकाई स्थापित की जा रही है। जिले भर के कोदौ उत्पादक किसान इससे लाभ उठा सकते हैं। एफपीओ अनाजों के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन तीनों पर ध्यान दें। शासन की विभिन्न योजनाओं से एफपीओ को सहयोग दिया जाएगा।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय ने कहा कि एफपीओ किसानों को संगठित और जागरूक करें। जिले में प्राकृतिक खेती और कृषि विविधीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। मोटे अनाजों के क्षेत्र में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है। देश के हर बड़े डिपार्टमेंटल स्टोर में अब मोटे अनाजों की बिक्री हो रही है। जिले में भी कई किसान मोटे अनाजों की खेती और विपणन सफलता पूर्वक कर रहे हैं। शासन ने कोदौ के लिए 4250 रुपए प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य घोषित किया है। इसलिए कोदौ का उत्पादन लेने वाले किसानों को इसकी खेती से कोई घाटा नहीं होगा। बैठक में कृषि वैज्ञानिक डॉ आरपी जोशी ने कहा कि जिले के एफपीओ कोदौ और कुटकी की खेती को अपनाएं। रीवा में ही कोदौ की सबसे उन्नत किस्म जेके 137 का विकास किया गया है। इसे पूरे देश में बड़ी तेजी से अपनाया जा रहा है। इसकी फसल 120 दिन में तैयार हो जाती है। इसके दाने बड़े और अधिक उत्पादन देने वाले हैं। इसी तरह रीवा में ही जेके 4 कुटकी की नवीनतम किस्म विकसित की गई है। इसका भी उत्पादन बहुत अच्छा है। मोटे अनाज से कई तरह के व्यंजन बनाए जा रहे हैं। इनसे कैंडी, टाफी, बिस्किट, सेवंई आदि भी बनाई जा रही हैं। मोटे अनाज की खेती को अपनाने पर अच्छी आय के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। बैठक में जिले के विभिन्न एफपीओ ने उन्हें विपणन की सुविधा देने, खाद-बीज की बिक्री का लाइसेंस तथा मण्डी में पंजीयन से शुल्क की छूट का लाभ की माँग रखी। बैठक में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने मोटे अनाज की खेती के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में कृषि वैज्ञानिक डॉ संजय सिंह, सहायक संचालक उद्यानिकी योगेश पाठक तथा एफपीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833